दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।। मंगलवार 03 सितम्बर -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 324 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## भाजपा सदस्यता अभियान शुरू
## पहली सदस्यता पीएम मोदी ने ली

**भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी : अमित शाह**

**पीएम मोदी ने हमेशा संगठन को सबसे आगे रखा : नड्डा**

**हमारी पार्टी कथनी-करनी में फर्क नहीं करती : राजनाथ सिंह**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार (2 सितंबर) को संगठन पर्व, सदस्यता अभियान 2024 लॉन्च किया। इस मौके पर सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी की सदस्यता ली। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा के बड़े नेताओं ने फिर से पार्टी की सदस्यता ली। पीएम मोदी ने कहा कि आज भाजपा के सदस्यता अभियान का एक और दौर शुरू हो रहा है। भारतीय जनसंघ से अब तक हमने देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति लाने की कोशिश की है। हम वो लोग हैं जिन्होंने दीवारों पर कमल भी बड़ी श्रद्धा से पेंट किया। हमें विश्वास था दीवारों पर पेंट किया हुआ कमल कभी न कभी दिलों पर भी पेंट हो जाएगा। पीएम ने आगे कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को लेकर कहा जाता था कि इनका एक पैर रेल में रहता है और दूसरा जेल में। रेल में क्योंकि कार्यकर्ता लगातार भ्रमण किया करते थे। और जेल में इसलिए क्योंकि तब सत्ताधारी एक जुलूस भी नहीं निकालने देते थे। वे हमें जेल में




डाल देते थे। हम ऐसे सत्ताधारियों के जुल्म सहकर यहां तक पहुंचे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारी पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी तो है ही, साथ ही सभी राजनीतिक दलों में एक प्रकार से अनूठी पार्टी है। आज भारत के 1,500 से अधिक राजनीतिक दलों में कोई भी दल लोकतांत्रिक तरीके से विश्वास और खुलेपन के साथ हर 6 साल के बाद अपने सदस्यता अभियान नहीं चलाता है।




## लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने आप विधायक अमानतुल्लाह पर लगाए गंभीर आरोप

### बोले कट्टरवादी संगठनों से हैं विधायक के संबंध, हो पूरी जांच

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के लोनी से विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह की गिरफ्तारी के बाद उनके खिलाफ जमकर मोर्चा खोला है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि जिस प्रकार से अमानतुल्लाह की गिरफ्तारी हुई है, उनके आईएसआई के साथ रिश्ते हैं। इस पूरे मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट को मुकदमा चलाकर फांसी की सजा दी जानी चाहिए। साथ ही लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि सोमवार को आम आदमी पार्टी के ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान की गिरफ्तारी बताती है कि किस तरीके से दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए अरविंद केजरीवाल को विदेशों से फंडिंग दिलाने में उनके द्वारा दुबई से मध्यस्थता कराई गई थी। इतना ही



नहीं उन्होंने आरोप लगाया है कि सीएए आंदोलन के दौरान भी पूरी दिल्ली के दंगों को आग में झोंकने और फंडिंग में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। राज्यपाल को लिखे पत्र में पुलिस कमिश्नर दिल्ली को भी उन्होंने इस पूरे प्रकरण से अवगत कराने की बात की है।

### संपत्ति की जांच का उठाया मुद्दा

#### एनसीआर और लोनी का हिस्सा है महत्वपूर्ण, सरकार दे ध्यान

**करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि जिस तरीके से परिवर्तन निदेशालय ने दिल्ली वक्त बोर्ड मनी लांड्री केस में पूछताछ के बाद आप विधायक की गिरफ्तारी की है, उसके बाद आम आदमी पार्टी का राष्ट्र विरोधी चेहरा सामने आया है। विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर ने आरोप लगाया है कि विधायक ने दिल्ली में दंगे कराए। वहीं बांग्लादेशियों और रोगियों को दिल्ली में बसाया भी गया है। साथ ही 10 लाख बांग्लादेशी और रोगियों को वोट के लिए बसाया गया है। उन्होंने दिल्ली में हुए दंगों में भी आम आदमी पार्टी के विधायक की मिली भगत होने की बात कही है। साथ ही इसका राज खोला जाना चाहिए। विधायक लोनी ने कहा है कि अमानतुल्ला खान की देश में ही नहीं विदेश के बाहर भी संपत्ति है, इसकी जांच भी कराई जानी चाहिए।

## हापुड़ रोड पर रोक के बावजूद भी जारी है ई-रिक्शा की सवारी

### जहां लगा है बोर्ड, वहीं खड़े हो रहे हैं ई-रिक्शा

#### आदेश का पहले ही दिन नहीं दिखा खास असर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में हापुड़ रोड पर पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर अधिसूचना जारी की गई थी कि यहां अब मुख्य मार्ग पर सुबह 7 से लेकर रात 10 बजे तक ई- रिक्शा नहीं चलेंगे। 1 सितंबर से यह आदेश अमल में लाया गया। सोमवार को इस आदेश के पालन करने का पहला दिन था लेकिन इसका शत प्रतिशत असर देखने को नहीं मिला है। हापुड़ मार्ग पर कई स्थानों पर जहां यातायात पुलिस द्वारा अधिकारियों का निर्देश वाला यह बोर्ड लगाया गया है, उसके आसपास ही सोमवार को ई- रिक्शा मौजूद देखे गए। वहीं वह सवारियों को भी बैठाकर ले जाने का काम करते देखे गए।



#### नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई : एडीसीपी यातायात

**करंट क्राइम।** सोमवार को ई-रिक्शा हापुड़ मार्ग पर बंद का पहला दिन था। सोमवार को कोई अधिक सख्ती देखने को नहीं मिली है। इस मामले में एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष कुमार सिंह का कहना है कि आने वाले दिनों में यहां यातायात पुलिस की अधिक संख्या में तैनाती की जाएगी। साथ ही नियम तोड़ने वालों के खिलाफ चालान और वाहन चीज करने की भी कार्रवाई होगी।

## अमेरिका पहुंचकर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने दिया सनातन संस्कृति का पैगाम

### आस्था और श्रद्धा के साथ पहुंचे न्यू जर्सी के मंदिर अक्षरधाम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा अमेरिका टूर पर हैं। भारतीय संस्कृति का असर क्या होता है ये अमेरिका की धरती से कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा ने दिखाया है। उन्होंने अमेरिका पहुंचकर भी श्रद्धा और आस्था का सबसे पहले रास्ता पकड़ा और वो न्यू जर्सी में स्थित अक्षरधाम मंदिर पहुंचे।



दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपनी अमेरिका यात्रा को साझा किया। उन्होंने बताया कि वो यहां पर न्यू जर्सी में सबसे पहले अक्षरधाम मंदिर गये। जहां उन्होंने पूजा अर्चना की। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि यह भारतीय संस्कृति सनातन धर्म और आस्था का विषय है। प्रत्येक सनातन संस्कृति के संवाहक को इस बात का ध्यान रखना चाहिए और आपका आचरण ही अगली पीढ़ी की प्रेरणा बनता है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा अमेरिका में अन्य स्थानों पर भी गये हैं। उन्होंने न्यूयार्क में टाईम स्क्वायर देखा और स्टेचू ऑफ लिबरटी देखने भी गये। वहां के मौसम की जानकारी को करंट क्राइम से साझा करते हुए उन्होंने बताया कि यहां मौसम का मिजाज अलग अलग शहरों में अलग अलग है। फ्लोरिडा का मौसम अलग और न्यूयार्क में मौसम सर्द है। उन्होंने बताया न्यागराफॉल देखने के साथ साथ फ्लोरिडा में बोटिंग की और विज्ञान का केन्द्र कहे जाने वाले नासा में गये। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अमेरिका की धरती से भारतीय संस्कृति का जो संदेश दिया है वो सनातन धर्म मानने वालों के लिए एक बड़ा संदेश है। यदि आस्था और श्रद्धा हो तो फिर सात समुंदर पार भी आपको अपने ईश्वर का धाम प्राप्त हो सकता है और अमेरिका में भी अक्षरधाम हो सकता है।

## गठबंधन खेमे से आ रही है ये आवाज

# अनुभवी, ऊर्जावान चेहरे ही डालेंगे उपचुनाव में नई जान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उपचुनाव की तैयारियां शुरू हो गई है। चुनाव आयोग अपनी अधिसूचना कभी भी जारी करे लेकिन सियासी दलों में चुनावी तैयारिया शुरू हो गई है। लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद विपक्ष एक नए जोश में है। भाजपा को अपनी कार्यकर्ता आर्मी पर भरोसा है तो गठबंधन की राजनीति में उत्साह का दौर है वो समीकरण पर काम कर रहे है। बायोडाटा का दौर शुरू हो गया है। विधानसभा उपचुनाव की दौड में सब एक दूसरे की खबर रख रहे है। सबसे बडी बात ये है कि सियासी दल अपने कार्ड से ज्यादा दूसरे दल के दावेदार पर निगाह रख रहा है। वो इसे सियासी तराजू पर तोल रहे है। क्योंकि चुनावी मैच में हर दल नहले पर दहला चलना चाहता है वो दूसरे दल के उम्मीदवार के मुकाबले मजबूत उम्मीदवार मैदान में उतारना चाहता है। विपक्ष के पास भी अब कई चेहरे हैं और यहां जातीय समीकरण, व्यक्तिगत छवि, चुनावी दावेदारी का आधार बन गये है। सियासी अनुभव और चुनावी अनुभव भी काउंट होगा और ये भी देखा जायेगा कि उम्मीदवार ऐसा हो जो समाजिक रूप से एक्टिव मोड में हो। जिनके चेहरों को शहर जानता पहचानता हो। अगर गठबंधन और विपक्ष की बात करें तो तभी बसपा ने इसी रणनीति पर भाजपा का दुर्ग ध्वस्त किया था। एक दौर था जब बसपा के पास अनुभवी चेहरें के रूप में लोनी से जाकिर अली साहिबाबाद से अमरपाल शर्मा, धौलाना से असलम चौधरी, मोदीनगर से डॉ राजपाल जैसे चेहरे थे। समय बदला और इन चेहरों ने अपनी सियासी आस्था बदली हाथी ने इन्हें फिर चुनावी सवारी नहीं करायी। इनकी उम्मीदवारी नहीं आई और यहां बसपा कमजोर हो गई। इतिहास गवाह है कि फिर जितने भी उम्मीदवार यहां मैदान में आये उन सबकी जमानत जब्त हुई। हालांकि अभी से बसपा का आंकलन नहीं हो सकता है लेकिन जो चर्चा है वो ये है कि पिछले रिकार्ड को देखते हुए हाथी यहां मजबूत स्थिति में नहीं है। क्योंकि जिस उम्मीदवार की घोषणा हुई है वो सामाजिक रूप से एक्टिव हो सकते हैं लेकिन चुनावी सीन में उनका इतना मूवमेंट नहीं देखा गया है कोई चुनाव भी नहीं लड़ा है। बसपा का लोकसभा में रिकार्ड ठीक नहीं रहा है। इसके उम्मीदवार नन्दकिशोर पुंडीर आये और चले गये और ये डाउन ग्राफ कहा जायेगा कि हाथी मुख्य मुकाबले में भी साफ हो गया। लोकसभा में वो एक लाख वोट भी नहीं ले पाया। अब जब उन्होंने उम्मीदवार घोषित किया है तो विपक्षी खेमे में कोई प्रतिक्रिया नहीं है। ऐसा लग रहा है जैसे वो इस चेहरे को गिनती में नहीं मान रहे हैं।







### विपक्ष से डॉली-अमरपाल-विजय-अभिषेक और सुरेन्द्र मुन्नी के नाम

**करंट क्राइम।** हालांकि अभी तक गठबंधन ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। कांग्रेस की बात करें तो उसके चुनाव पर्यवेक्षक आये और दावेदारों से बायोडाटा लेकर गये है। अनुभवी चेहरों से राय लेकर गये है। लेकिन राय को लेकर हाईकमान में राय अलग है। अगर यहां चुनावी रण की बात करें तो कांग्रेस की डॉली शर्मा हैं हालांकि डॉली शर्मा ने पर्यवेक्षक को चुनावी बायोडाटा नहीं दिया है। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा सपा में है और वो मजबूत खिलाडी माने जाते हैं कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ओबीसी फैक्टर का चेहरा हो सकते हैं लेकिन उन्होंने भी अपना बायोडाट नहीं दिया है। सपा का सौम्य चेहरा और वैश्य वर्ग के चेहरे के रूप में अभिषेक गर्ग हैं मगर वो भी साइलेंट है और पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी अभी हवा का रूख देख रहे हैं। ये विपक्ष के वो चेहरे हैं जो चुनावी रण में योद्धा माने जाते हैं। ये चुनाव में अपना एक असर रखते हैं। इन चेहरों पर क्या रणनीति बनती है ये देखना रोचक रहेगा।

## शहर सीट के चुनावी रण में भाजपा को उतारना ही पड़ेगा कद्दावर फेस

### मौजूदा समीकरण में गठबंधन का बनता दिखाई दे रहा है बेस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनाव रण है और रण में सारे मोहरे सारे योद्धा उतारे जाते हैं। चुनाव है तो फिर यहां समीकरण और चेहरा दोनों का तालमेल होना जरूरी है। शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है और इस उपचुनाव में भाजपा को सर्दी में पसीना बहाना पड़ सकता है। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद आये थे और चुनावी तैयारियों की समीक्षा करते समय उन्होंने मंच से कहा था कि भाजपा कार्यकर्ता अति आत्मविश्वास से बचें। मुख्यमंत्री ने समीक्षा में ये बात भांप ली और मेहनत का संदेश दिया।

मौजूदा परिस्थितियां अब धीरे धीरे मुख्यमंत्री की बात पर मुहर लगा रही है और यहां अब चुनावी जानकार भी यह मान रहे हैं कि केवल लहर के भरोसे काम नही चलेगा। यहां भाजपा को ऐसे कद्दावर चेहरे को मैदान में लाना ही होगा जिसकी अपनी राजनीतिक और समाजिक पहचान हो और चुनावी समीकरण में ये चेहरा फिर बैठता हो। क्योंकि शहर विधानसभा सीट भाजपा की लगातार दो बार की विनिंग सीट है और उपचुनाव में इसे चुनौती मिल सकती है क्योंकि वोट प्रतिशत एक बड़ा रोल निभायेगा और सबसे बड़ी बात ये है कि यहां समाजिक तानाबाना और उम्मीदवार का व्यक्तिगत प्रभाव चुनाव पर असर डालेगा। ऐसे में यहां विपक्ष अपना बेस बनाता दिखाई दे रहा है और इस बात से अब इंकार नहीं किया जा सकता कि भाजपा को इस चुनावी रण में खुद को मजबूत साबित करने के लिए मजबूत खिलाड़ी उतारना पडेगा। एक ऐसा चेहरा लाना होगा जिसका जनता में असर हो। जो चुनावी रण की बारिकी समझता हो और सबसे बडी बात ये कि इस चेहरे की समाजिक छवि हो। जिसके विरोधी कम हो और जिसके पास एक टीम हो। यहां विपक्ष उत्साह से लबरेज है और वो अपने समीकरण पर काम कर रहे हैं। भाजपा का वोट बैंक मतदान वाले दिन वैकेशन पर ना चला जाये। लाईनपार का एक बडा हिस्सा नोएडा में रोजी रोजगार के लिए जाता है और नोएडा में उस दिन अवकाश नहीं होता तो ये वर्ग अपने रोजगार पर निकल जायेगा। यही चुनौती भाजपा के लिए बनेगी क्योंकि गठबंधन का वोटबैंक अपना रोजगार करता है और वो वोट डालने के बाद ही अपने रोजगार पर जायेगा, ऐसी संभावना जताई जा रही है। वहीं चुनाव दिसम्बर के महीने में होगा तो इसका असर चुनाव पर पड़ेगा। भाजपा को अपने वोटर को अपने बूथ पर लाना है ईवीएम पर लाना है।





#### इलाके का भूगोल और कितने प्रतिशत होगा पोल

**करंट क्राइम।** शहर विधानसभा उपचुनाव में मतदान का प्रतिशत पूरे चुनावी गेम का निर्णायक बिन्दु है। कौन से इलाके में कितने प्रतिशत मतदान होगा इस भूगोल पर ही पूरा दारोमदार टिका है। अगर मुस्लिम और दलित बस्तियों में मतदान का प्रतिशत बढ़ता है और शहरी बस्तियों में मतदान का प्रतिशत धीमा रहता है तो यहां गठबंधन की उम्मीदें बनेगी। सबसे बडी बात मतदान के प्रतिशत पर है। अगर मतदान प्रतिशत 20 रह गया और मतदान भूगोल की उस जमीन पर हुआ जिसे कैला भट्टा, चमन कॉलोनी, मिजार्जान, कस्साबान, सराय कहा जाता है तो फिर चुनावी नतीजा कुछ भी हो सकता है। यहां पर अभी जो माना जा रहा है वो हाथी की चाल स्लो और केतली के ऊबाल में फ्लो नहीं दिख रहा है। ऐसे में जातिगत फैक्टर असर दिखायेगा और इन बस्तियों से वोट एक मुश्त निकलेगा तो फिर यहां समीकरण स्पीन होगा। वोट को बूथ तक लाना बडी चुनौती होगी। भीतरघात का खतरा अलग दिखाई दे रहा है। ऐसे में बूथ मैनेजमेंट बस्ते और वोटों को जो ईवीएम पर ले आयेगा वही अगला शहर विधायक हो जायेगा।

## एक और भाजपा नेता को आई पाकिस्तानी नंबर से धमकी भरी कॉल

### लिंक रोड पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा और जांच हो गई शुरू

**गाजियाबा, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को लगातार पाकिस्तान के फोन नंबरों से धमकी मिलने के मामले नहीं थम रहे हैं। ताजा मामला भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह संयोजक योगेश त्रिपाठी के साथ हुआ है। उन्होंने लिंक रोड थाने में परिवार और खुद की सुरक्षा के लिए गुहार लगाई है। साथ ही इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। भाजपा नेता योगेश त्रिपाठी ने पुलिस को शिकायत दी है कि सोमवार को उनके फोन पर पाकिस्तानी नंबर से फोन कॉल आई। जिसमें उनको और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। टेलीफोन करने वाले ने कहा यदि क्षेत्र में किसी मुसलमान को कुछ हुआ तो आप और आपके परिवार को उड़ा देंगे।


#### परिवार वालों और बेटी को भी टारगेट बनाने की दी चेतावनी

**करंट क्राइम।** भाजपा नेता ने जो पुलिस को शिकायती पत्र दिया है, उसमें उन्होंने साफ लिखा है कि जिस पाकिस्तानी नंबर से फोन कॉल आया था, उसने कहा कि आप और आपके परिवार को उड़ा देंगे। आपकी एक बेटी है, यह याद रखना। इसमें ना तो योगी कुछ कर पाएंगे और ना ही भाजपा कुछ कर पाएगी। इस मामले की शिकायत उन्होंने एसीपी साहिबाबाद के कार्यालय में दी थी। जहां से पुलिस अधिकारियों ने थाने को मुकदमा लिखने का आदेश दिया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा लिखकर जान शुरू कर दी है।

#### इससे पहले भी कई भाजपा नेताओं को मिल चुकी है पाकिस्तानी नंबरों से धमकी

**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में भाजपा नेताओं को पाकिस्तान के नंबरों से धमकी मिलने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई भाजपा के प्रमुख नेताओं को पाकिस्तानी फोन नंबरों से धमकी मिल चुकी है। हालांकि इस मामले में कुछ नेताओं को धमकी देने वालों पर पुलिस की ओर से कार्रवाई भी हुई है। तो कई मामले अभी भी पुलिस के लिए अनसुलझी पहेली बने हुए हैं।

# सीएम योगी ने शीर्ष अधिकारियों के साथ की आपात बैठक, जिलाधिकारियों को मिले निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में हाल के दिनों में घटित मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में उन्होंने विभागीय मंत्री और संबंधित विभाग के अधिकारियों को मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने, उनकी मॉनीटरिंग करने एवं घटनाओं के बढ़ने के कारणों पर मंथन करने के निर्देश दिये ताकि इन पर अंकुश लगाया जा सके। सीएम योगी के निर्देश के बाद मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को लेकर कई जिलाधिकारी सक्रिय हो गये और आनन-फानन में टीम बनाकर कॉम्बिंग एवं गांव-गांव में जाकर जन जागरुकता फैलाने के निर्देश दिये।



## सीएम योगी के निर्देश के बाद हरकत में आए अधिकारी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में कहा कि पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के विभिन्न जिलों से आदमखोर भेड़िये या तेंदुए द्वारा हमले की सूचना आ रही है। उन्होंने इन घटनाओं को नियंत्रित करने, वन्यजीव को पकड़ने एवं आवश्यकतानुसार आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रभावित जिलों में प्रशासन, पुलिस, वन विभाग, स्थानीय पंचायत, राजस्व विभाग द्वारा व्यापक जन जागरूकता पैदा करने एवं लोगों को सुरक्षा के उपायों के बारे में भी बताने के आदेश दिये। बैठक के बाद वन मंत्री और संबंधित अधिकारी हरकत में आ गए।

वन मंत्री ने बहराइच, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, बिजनौर सहित अन्य जिलों में तत्काल वन विभाग के अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती के निर्देश दिये। साथ ही ज्वाइंट पेट्रोलिंग बढ़ाने का आदेश दिया। इसके अलावा वरिष्ठ अधिकारियों को जिलों में कैंप करने, जनप्रतिनिधियों से सहयोग लेने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जहां लाइट की समस्या हो, वहां पेट्रोमैक्स की व्यवस्था करने का आदेश दिया। बता दें कि उत्तर प्रदेश पहला राज्य है, जिसने मानव-वन्यजीव संघर्ष को आपदा घोषित किया है। इसके जरिये वन्य जीवों के हमले में घायल लोगों अथवा असमय काल-कवलित हुए लोगों के परिवारीजनों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

## कई जिलाधिकारियों ने अपने-अपने जिले में जारी किये दिशा-निर्देश

मानव-वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी, सीतापुर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और लखीमपुर खीरी जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने अपने-अपने जिले में पुलिस, वन विभाग, स्थानीय पंचायत और राजस्व विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये। इसमें रेंज स्तर पर वन क्षेत्रों में गश्त के साथ जंगल से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त के लिए कार्य योजना के अनुसार वन कर्मियों की टीम रोजाना गश्त करें, इसकी सूचना रजिस्टर पर अंकित करें। आरक्षित वन क्षेत्रों से लगे ग्रामों में मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने के लिए बैठकों का आयोजन किया जाए एवं वन्य जीवों से सावधानी बरतने के लिए ग्रामीणों को सजग किया जाए। ग्रामीणों को यह समझाया जाए कि वह अपने खेतों में कृषि कार्य के लिए समूहों में आवाज करते हुए जाएं, जिससे वन्य जीव रास्ते से हट जाएं। संवेदनशील क्षेत्रों में मानव-वन्यजीव के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। सार्वजनिक स्थलों पर (मन्दिर, गुरूद्वारा, मस्जिद, स्कूल, स्थानीय बाजार, गन्ना क्रय केन्द्र, खण्ड विकास कार्यालय, तहसील) वन्यजीवों से सावधानी रखने से संबंधित होर्डिंग्स लगवाए जाएं। वन्यजीव प्रभावित क्षेत्रों में रास्ते के किनारे एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर चिपकाए जाएं। साथ ही ग्रामीणों में सतर्कता के लिए पम्पलेट्स बंटवाये जाएं। संयोगवश यदि किसी क्षेत्र में मानव वन्य जीव संघर्ष की कोई घटना घटित होती है तो तत्काल स्थानीय स्टाफ एवं रेंज स्टाफ द्वारा रेस्क्यू करने के साथ उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाए। वन्यजीव प्रभावित क्षेत्रों में गश्त के दौरान रेंज स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग किया जाए। इसके अलावा स्थानीय स्वयं सहायता समूह, बुद्धिजीवी संवर्ग, ग्राम प्रधान एवं वन्य जीव पशुओं के प्रति संवेदनशील व्यक्तियों से सहयोग लिया जाए। आरक्षित वन क्षेत्र से लगी ग्रामीण सीमाओं एवं पगडंडियों पर स्थानीय स्टाफ द्वारा गश्त एवं एंटी स्नेयर बाक लगातार की जाए। जंगल सीमा से लगे गांवों के ग्राम प्रधानों से स्थानीय वन कर्मियों द्वारा आपस में मोबाइल द्वारा संपर्क रखा जाए।

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोची रामचेत को भेजी सामग्री

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को सुल्तानपुर के मोची रामचेत को जूता-चप्पल बनाने की सामग्री भेजी है और कहा कि आप इससे अपना व्यापार शुरू कीजिए। सोमवार को उनकी दुकान पर सामग्री लेकर पहुंचे लोगों ने रामचेत को बताया कि ये सामग्री राहुल गांधी ने भेजवाई है। इस सामान से वह अपना व्यापार शुरू कर सकते हैं। व्यापार शुरू करने में कोई दिक्कत न आए इसके लिए राहुल गांधी ने कच्चे माल के साथ ही छोटी-छोटी मशीनें भी भेजवाई हैं। सामान की कीमत करीब लाख रुपये बताई जा रही है जिसमें चमड़ा, लेदरपेस्ट, धागा, सुई और शोल के साथ-साथ कई अन्य सामान भी भेजी है। जैसे ही आसपास के लोगों को मामले की जानकारी हुई रामचेत की दुकान पर लोगों की भीड़ लग गई। बीते दिनों एक मुकदमे के सिलसिले में राहुल गांधी सुल्तानपुर आए थे तभी वह रामचेत की दुकान पर गए थे और एक जूता भी सिला था तब से रामचेत चर्चा में आ गए हैं। राहुल गांधी ने कई बार उनका जिक्र अपने भाषणों में किया है। मुलाकात के बाद राहुल ने रामचेत को एक जूता सिलने की मशीन भी भेजी थी। वहीं, रामचेत ने भी जूते बनाकर राहुल गांधी को भेजा था जिसे पहनकर राहुल गांधी ने वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया था। इस दौरान उन्होंने रामचेत के काम की तारीफ भी की थी। अब सोमवार को राहुल गांधी ने फिर से रामचेत के लिए सामान भेजा। बीते दिनों एक कार्यक्रम के सिलसिले में प्रयागराज आए राहुल गांधी ने रामचेत की तारीफ में कहा था कि उनके पास एक ऐसा हुनर है जो बहुत कम लोगों के पास होता है।




# साहिबाबाद नवीन सब्जी मंडी में चले बुलडोजर ने किसानों के बैठने के लिए आवंटित की गई जमीन को कब्जा मुक्त कराया





- लंबे समय से यह कब्जा चल रहा था इसे खाली करने को लेकर कई बार नोटिस भी जारी किए गए: सुनील कुमार शर्मा







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद सब्जी मंडी के अंदर सोमवार को पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने बुलडोजर के साथ किसानों के बैठने के लिए आवंटित की गई जमीन को कब्जा मुक्त कराया। सरकार की तरफ से मंडी में 11 शेड किसानों के लिए बनाए गए थे, लेकिन उन शेड पर मंडी के ही दुकानदार और आढ़तियों ने कब्जा कर लिया था। सोमवार को पुलिस प्रशासन पूरी तैयारी के साथ था। बुलडोजर चल हुआ दिखाई दिया। जेसीबी ने अवैध चबूतरो के ऊपर बने टीन शेड को तोड़ा। मंडी में दुकानदारों ने भी सहयोग किया। कुछ जमीन पहले ही खाली कर दी गई थी। लेकिन जिस जमीन पर कब्जा था, उस पर आज बुलडोजर कार्रवाई की गई है। अब किसानों को सर्दी हो, गर्मी हो या फिर बरसात। बैठने के लिए उनकी जगह वापस दिला दी गई है। अब किसान मंडी में आकर अपनी जगह पर अपनी फसल को रखकर आसानी से बेच सकता है। लोग बोले पहली बार हटाया गया, मंडी से अतिक्रमण इस व्यवस्था को रखे जारी नही लगेगा जाम। मंडी सचिव सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि लंबे समय से यह कब्जा चल रहा था इसे खाली करने को लेकर कई बार नोटिस भी जारी किए गए। लेकिन कार्यवाही नहीं हुई। लोगों ने किसानों के चबूतरे और मंडी परिसर की सड़कों पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। इस दौरान मंडी से चबूतरों को खाली कराने से पहले सुरक्षा के मद्देनजर लगभग सैकड़ों पुलिस बल की तैनाती की गई है। वही मंडी प्रशासन ने पुलिस के सहयोग से एक बड़े अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरूआत की. इस अभियान के तहत, मंडी में लाइसेंसधारी दुकानों के अलावा बाहरी हिस्सों में बनाए गए तीन अस्थायी शेड और स्थायी शेडों को हटाने की कार्वाई की गई।

# एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में एक दिवसीय स्मार्ट क्लास प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान हापुड एवं स्कूल ऑफ ऐजुकशन के संयुक्त तत्वाधान में स्मार्ट क्लासेस के उपकरणों का उपयोगार्थ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला मे जनपद गाजियाबाद, हापुड, बुलन्दशहर व विभिन्न जिलों के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने स्मार्ट बोर्ड से संबंधित उपयोगी जानकारी प्राप्त की। एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलपति आई/सी (प्रो.) डॉ. प्रसेंनजीत कुमार ने बताया कि छात्रों में रुचि उत्पन्न करने के लिए कक्षाओं को अनुदेशात्मक सामग्री महत्वपूर्ण है। रजिस्ट्रार पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस से.नि. ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे तकनीकी आविष्कार शिक्षकों के लिए बहुत आवश्यक हैं। स्कूल ऑफ ऐजुकेशन के डायरेक्टर डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहे सभी शिक्षकों का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. नेहा चौधरी, पूजा एवं समस्त स्टाफ गण मौजूद रहे।





**पुण्य तिथि**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बीजेपी नेता स्वर्गीय गजेंद्र भाटी गज्जी की सातवी पुण्य तिथि पर उनकी पत्नी खोड़ा मकनपुर नगर पालिका की पूर्व चैयरमैन रीना भाटी व भाजपा नेता योगेश भाटी ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# पंडित नवीन कुमार (पोले) ने विधानसभा उपचुनाव लड़ने का दिखाया दमखम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विधानसभा 56 के उपचुनाव के लिए रविवार को कांग्रेस पार्टी के पर्यवेक्षक तनुज पूनिया को पंडित नवीन कुमार (पोले) ने अपना बायोडाटा दिया और मजबूती से चुनाव लड़ने का दमखम दिखाया।



पंडित नवीन कुमार का परिवार हमेशा से ही समाजसेवा से जुड़ा रहा है। ये पूर्व विधायक पंडित प्यारे लाल शर्मा के पोते हैं और शहर में अपनी एक सरल और ईमानदार छवि की पहचान रखते हैं। अगर इन्हें पार्टी प्रत्याशी घोषित करती है तो ये एक दमदार प्रत्याशी होंगे और मजबूती से चुनाव मैदान में जीत हासिल करने में सक्षम होंगे।

# आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट मोहननगर में पीजीडीएम के प्रतिभागियों के लिए फ्रेशर पार्टी 'आगाज - 2024' का आयोजन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट मोहननगर गजियाबाद ने पीजीडीएम (2024 -2026) सत्र के नवप्रवेशी छात्रों हेतु फ्रेशरपार्टी आगाज -2024 का आयोजन किया। संस्थान के चाणक्य ऑडिटोरियम में 31 अगस्त 2024 को यह आयोजन किया गया। फ्रेशर पार्टी का शुभारम्भ संस्थान के निदेशक डॉ. अजय कुमार एवं पीजीडीएम चेयरपर्सन डॉ. अनुषा अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर डॉ. अजय कुमार ने नव प्रवेशी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर पी चड्ढा ने प्रतिभागियों के सर्वांगीण विकास की कामना की तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें शुभकामनाए दीं। नवप्रवेशी छात्रों के स्वागत में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अंत मो. जीशान को मिस्टर फ्रेशर एवं सर्वज्ञ गोयल को मिस फ्रेशर का खिताब दिया गया। इसी क्रम में मि. हर्ष शर्मा और मिस भैरवी दास को बेस्ट स्माइल, मि. अयुष जयसवाल एवं मिस नंदिनी त्यागी को फ्रेश फेस तथा मि. प्रिंस राघव और मिस देशोना रॉय को बेस्ट कॉस्ट्यूम का अवार्ड दिया गया।

# हिमाचल के कुछ भागों में दो दिन भारी बारिश का अलर्ट

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुछ भागों में दो दिन भारी बारिश का अलर्ट है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य के कई स्थानों पर 8 सितंबर तक हल्की बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। 2 व 3 सितंबर के लिए कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट है। मंडी में चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे भूस्खलन से छह व नौ मील के पास रात से सोमवार सुबह तक बंद रहा। इससे यात्रियों व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सोमवार सुबह राजधानी शिमला में हल्की बारिश दर्ज की गई। वहीं रविवार रात को नाहन में 143.5, श्री नयना देवी 130.6, पच्छाद 83.0, पांवटा साहिब 72.6, कटौला 55.1, धौलाकुआं 66.0, सुंदरनगर 46.2, पंडोह 34.0, चंबा 33.0, भरमौर 32.0, धर्मशाला 13.2, पालमपुर 30.0, मंडी 19.2, भरमौर 32.0 व नेरी में 21.0 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

# अधिकारी के खिलाफ सभी व्यापारी संगठन एकजुट होकर करेंगे काम



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में मेन बाजार स्थित सुभाष मंडी कॉलोनी में व्यापारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से फैसला किया गया कि सभी व्यापारी संगठन एक होकर काम करेंगे। बैठक में सयुक्त व्यापार मंड़ल के जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंघल, उद्योग व्यापार मंड़ल के जिला मंत्री पंकज गर्ग, उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंड़ल के अध्यक्ष राजकुमार गोयल व भारतीय उघोग व्यापार मंडल के महामंत्री अंकित गर्ग ने कहा कि जल्द ही ब्लड डोनेट कैंप लगाया जाएगा। व्यापारियों का उत्पीड़न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाई जाएगी। इस मौके पर आयुष त्यागी काकड़ा, राकेश गोयल, अजय वर्मा, हरिओम गुप्ता, दीपक मित्तल, अरविंद सिंघल, यज्ञदत शर्मा, मोहित गर्ग सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद थे।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में आइडियाज इन एक्शन सम्मेलन 1.0 का सफल आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल, गाजियाबाद में 31 अगस्त और 1 सितंबर 2024 को दो दिवसीय आइडियाज इन एक्शन सम्मेलन 1.0 का सफल आयोजन हुआ। इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य छात्रों को मॉडल यूनाइटेड नेशंस और यूथ पार्लियामेंट के माध्यम से वैश्विक और राष्ट्रीय मुद्दों पर गहन चर्चा और बहस में शामिल करना था। सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस आयोजन में अंतर्राष्ट्रीय प्रेस ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त ऐतिहासिक हितधारकों की बैठक में 1975 की आपातकाल पर चर्चा की गई, जिसमें 25 जून 1975 की फ्रीज तिथि को ध्यान में रखा गया। सम्मेलन के दौरान, नेहरू वर्ल्ड स्कूल की कार्यकारी प्रमुख एक्जीक्यूटिव हैड सुजन होम्स ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए संबोधित किया। समापन पर स्कूल के क्रिएटिव हेड सुधीर राणा ने सभी छात्रों, शिक्षकों और आयोजकों को इस आयोजन की सफलता के लिए धन्यवाद दिया।





# सीएम को दिल्ली हाईकोर्ट से लगा झटका, मानहानि मामले की कार्यवाही को रद्द करने से किया इनकार



**नई दिल्ली।** कोर्ट ने 2019 में भाजपा दिल्ली के नेता राजीव बब्बर द्वारा शुरू किए गए चल रहे मानहानि मामले को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका को खारिज कर दिया। दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मानहानि मामले की कार्यवाही को रद्द करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने 2019 में भाजपा दिल्ली के नेता राजीव बब्बर द्वारा शुरू किए गए चल रहे मानहानि मामले को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका को खारिज कर दिया। राजीव बब्बर ने केजरीवाल और अन्य आप नेताओं पर भाजपा को बदनाम करने का आरोप लगाया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पार्टी दिल्ली की मतदाता सूची से 30 लाख नाम हटाने के लिए जिम्मेदार है, जिससे मुख्य रूप से 'बनिया', मुस्लिम और अन्य समुदाय प्रभावित हुए हैं।

# विधानसभा चुनाव से पहले जेजेपी को बड़ा झटका, भाजपा में शामिल हुए हरियाणा के कई नेता

**नई दिल्ली।** हरियाणा में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव से पहले दुष्यंत चौटाला की पार्टी जेजेपी को बड़ा झटका लगा है। जेजेपी के दो बड़े नेता देवेंद्र सिंह बबली (जो मंत्री भी रहे हैं) और संजय कबलाना ने सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। इसके साथ ही जेल अधीक्षक के पद से वीआरएस लेने वाले सुनील सांगवान ने भी सोमवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सुनील सांगवान के पिता सतपाल सांगवान हरियाणा की राजनीति के दिग्गज नेता रहे हैं और राज्य में मंत्री भी रह चुके हैं। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, हरियाणा के प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब और हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने भाजपा मुख्यालय में इन तीनों नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर ओम प्रकाश धनखड़ भी मौजूद रहे। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने तीनों नेताओं का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। आज देश के 20 राज्यों में एनडीए की सरकार है, जिसमें से 13 राज्यों में अकेले भाजपा की सरकार है और तीसरी बार पीएम मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार केंद्र में बनी है। उन्होंने आगे बताया कि हरियाणा में भाजपा के पक्ष में राजनीतिक हवा चल रही है, लोग तीसरी बार राज्य में भाजपा की सरकार बनाने को उत्सुक है। मुख्यमंत्री ने हाल ही में जनता के लिए किए गए 108 कामों की भी जानकारी दी थी। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता और भाजपा सरकार के कामकाज से प्रभावित होकर दूसरे दलों के नेता लगातार भाजपा में शामिल हो रहे हैं।




हरियाणा में तीसरी बार भाजपा का सरकार बनना और कांग्रेस का सूपड़ा साफ होना तय है। जींद में भी हाल ही में कई नेताओं और हजारों युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। बिप्लब कुमार देब ने भी देवेंद्र सिंह बबली, संजय कबलाना और सुनील सांगवान का पार्टी में स्वागत करते हुए दावा किया कि हरियाणा में बड़ी जीत के साथ भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। इससे पहले जींद में भी तीन विधायक भाजपा में शामिल हुए थे। भाजपा में शामिल होने पर देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हुआ है, दुनियाभर में देश का मान-सम्मान बढ़ा है और वह अपने आप को सौभाग्यशाली समझते हैं कि अब उन्हें भाजपा में काम करने का मौका मिला है। हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

वहीं संजय कबलाना ने कहा कि वह इससे पहले भी भाजपा के सिपाही रह चुके हैं, कुछ समय के लिए वह भटक गए थे और अब उन्हें फिर से अपने परिवार भाजपा में आने का मौका मिला है। वह दिन-रात मेहनत करके हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का काम करेंगे। सुनील सांगवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर वे भाजपा में शामिल हुए हैं और यह उनके लिए गर्व और गौरव की बात है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। मंगलवार 03 सितम्बर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित










# डेंगू से कितना सुरक्षित है आपका वार्ड, करंट क्राइम ने शुरू की पड़ताल

गाजियाबाद, करंट क्राइम : बारिश का मौसम अभी खत्म नहीं हुआ है और शहर से लेकर देहात तक मच्छरों का आतंक देखने को मिल रहा है। मौसम परिवर्तन के बीच कई प्रकार की बीमारियां शुरू हो गई हैं। तो वहीं मच्छरों की फौज ने मलेरिया और डेंगू के रूप में दस्तक दे दी है। शहर के कई इलाकों में डेंगू का असर देखने को मिलना शुरु हो गया है। तो वही स्कूल-कॉलेज में अब प्रबंधन ने विद्यार्थियों को पूरी बाजू के कपड़े और पैंट पहने का निर्देश तक जारी कर दिया है। डेंगू के बचाव को लेकर नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग ने भी कमर कसी है। वहीं मच्छरों से बचाव के लिए एंटी लार्वा छिड़काव और फागिंग शुरू कर दी गई है। इसी को लेकर दैनिक करंट क्राइम की टीम ने नगर निगम के अंतर्गत आने वाले अलग-अलग वार्डों में पार्षदों से बातचीत की है कि उनके क्षेत्र में डेंगू को लेकर वह कितने तैयार हैं। डेंगू से उनका वार्ड कितना सुरक्षित है। नगर निगम के कई पार्षदों का कहना है कि उनके यहां मच्छरों का काम तमाम करने के लिए फॉगिंग अभियान सप्ताह के 6 दिन चल रहा है। तो कई जगह वार्ड बड़ा होने की वजह से केवल दो से तीन इलाकों में ही फॉगिंग एक दिन में हो पा रही है। कुल मिलाकर सिस्टम अपना काम कर रहा है और लोगों को बचाव के साथ-साथ जागरूक होना बेहद आवश्यक है। बता दें कि हर साल डेंगू से शहरभर में कई लोगों की जान जाती है। तो बरसात के सीजन के दौरान अस्पतालों और चिकित्सकालयों में मरीजों की संख्या में भी कई गुना इजाफा हो जाता है। लोग इलाज के लिए दर-दर भटकते हैं, तो वह देसी उपाय से लेकर दवाओं तक का सहारा लेते हैं। कुल मिलाकर डेंगू एक बड़ी बीमारी का रूप ले चुकी है। जिसमें सुरक्षा और बचाव ही सबसे बड़ी सावधानी है। प्रस्तुत है दैनिक करंट क्राइम की पार्षदों से की गई डेंगू से कितना सुरक्षित है आपका वार्ड की विस्तृत रिपोर्ट।

## बड़ी और छोटी मशीन से डेली हो रही है फॉगिंग : मनोज त्यागी



करंट क्राइम : दैनिक करंट क्राइम ने जब वार्ड-56 के पार्षद मनोज त्यागी से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि डेंगू के अभी तक उनके इलाके में केवल तीन ही केसे आए हैं। डेंगू के केस आने के बाद लगातार फॉगिंग की प्रक्रिया को बढ़ा दिया गया है। उन्होंने बताया है कि यहां बड़ी मशीन और छोटी मशीन से उनके पूरे वार्ड में फॉगिंग कराई जा रही है। उनके वार्ड के अंतर्गत चिरंजीवी और अवंतिका आता है, यह एक बड़ा क्षेत्र है। पार्षद मनोज त्यागी का कहना है कि वह दोपहिया वाहनों से भी प्रतिदिन फॉगिंग करवा रहे हैं और नगर निगम के अधिकारियों को प्रत्येक दिन अलग-अलग सेक्टर में टीम भेजने के लिए कहते हैं ताकि उनका वार्ड डेंगू की महामारी से सुरक्षित रहे और लोग अपने घरों में बीमार होने से बचे। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की है कि लोग पानी इकट्ठा न होने दें। एसी, कूलर और घर में जहां पानी जमा होता है, वहां पर भी दवा का छिड़काव करें।

## जनता के लिए जारी है फॉगिंग का प्रहार : अमित त्यागी



करंट क्राइम : वार्ड-47 शास्त्री नगर और महेंद्रा एंक्लेव क्षेत्र से पार्षद अमित त्यागी का कहना है कि वह खुद बीते दो दिनों से बीमार हैं। उनके वार्ड में अभी तक केवल डेंगू का एक ही केसे आया है लेकिन वह अपने वार्ड में प्रतिदिन अलग-अलग ब्लॉक में फॉगिंग का अभियान चलवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार से उनके यहां 15 दिन का रोस्टर बनाकर लोगों को व्हाट्सएप ग्रुप पर जानकारी दी जाएगी कि किस ब्लॉक में किस दिन फॉगिंग का कार्यक्रम है। उनकी कोशिश है कि प्रतिदिन 2 से 3 ब्लॉक कवर हो सके ताकि अधिक से अधिक क्षेत्र में मच्छरों और डेंगू से बचाव के लिए फॉगिंग की व्यवस्था की जा सके। उन्होंने कहा है कि अभी तक नगर निगम की ओर से फॉगिंग को लेकर सकारात्मक सहयोग देखने को मिल रहा है।

## ताजा पानी और गंदे पानी पर भी हो छिड़काव : अजय शर्मा



करंट क्राइम : वार्ड- 67 कमला नेहरू नगर और सेक्टर-23 द्वितीय क्षेत्र से पार्षद अजय शर्मा का कहना है कि डेंगू का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में अभी उनके यहां तो कोई मामला नहीं आया है लेकिन वह खुद भी कई बार फॉगिंग करने के लिए साइकिल पर मशीन लेकर निकल चलते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि खुले नाले और जहां साफ पानी जमा होता है, वहां विशेष ध्यान रखा जाए। खुद भी लोग दवा का छिड़काव करें। साथ ही नगर निगम की मशीन की जिस भी क्षेत्र में आवश्यकता है वह बताएं। उनकी कोशिश है कि वह अपने पूरे इलाके में कम से कम दो-दो बार फॉगिंग की व्यवस्था करवा दें ताकि लोगों को परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने अभी तक नगर निगम की ओर से जारी फॉगिंग की व्यवस्था को लेकर संतोष जाहिर किया है।

## तुलसी निकेतन में नहीं हो रहा है कोई भी कार्य : यशपाल पहलवान




करंट क्राइम : वार्ड-20 के पार्षद यशपाल पहलवान ने बताया कि उनके क्षेत्र में जो नगर निगम का क्षेत्र आता है, उस क्षेत्र में निगम द्वारा समय से फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। वहीं जो इलाका जीडीए की कॉलोनी तुलसी निकेतन में हैं, वहां पर जीडीए के अधिकारी कोई भी काम कराने को तैयार नहीं हैं। जगह-जगह जलभराव व कीचड़ हो रही है। पार्कों में भी गंदगी फैल रही है। जिस कारण बीमारी का खतरा पनप रहा है। कई बार शिकायत करने के बाद भी तुलसी निकेतन में जीडीए के अधिकारी कोई भी काम करने के लिए तैयार नहीं हैं। इस मामले को लेकर कई बार अधिकारियों से भी शिकायत की गई है।

## वार्ड-89 में नहीं होता जलभराव जिस कारण है सुरक्षित: राजकुमार भाटी



करंट क्राइम : वैशाली वार्ड 89 के पार्षद राजकुमार भाटी ने बताया कि वैशाली सेक्टर-5, रामप्रस्था ग्रीन सोसाइटी आता है। इन सोसाइटी में जलभराव की समस्या नहीं उत्पन्न होती है। नगर निगम द्वारा समय-समय पर फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है, जिसके चलते वार्ड-89 सुरक्षित है। कोई भी समस्या वार्ड में नजर नहीं आ रही है। निगम के कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिल रहा है। मेरे वार्ड में कोई डेंगू का मामला नही है और निगम के कर्मचारियों को बोला गया है कि समय समय पर हर गलियों में फॉगिंग हो।



## मच्छरों से पूरी तरह से सुरक्षित है वार्ड-81: धीरज अग्रवाल



करंट क्राइम : इंदिरापुरम वार्ड-81 के पार्षद धीरज अग्रवाल ने बताया है कि बरसात का मौसम जैसे ही समाप्त हुआ है, इसके चलते जीडीए व नगर निगम के कर्मचारी समय-समय पर फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव कर रहे हैं। शक्ति खंड-4 में डिस्पेंसरी की डॉक्टर भी समय-समय पर लोगों को जागरुक कर रहे हैं। वहीं डिस्पेंसरी की प्रभारी ने कई बार लोगों को जागरूकता कैम्प लगाकर बीमारियों के बारे में जानकारी देंती हैं। साथ ही उनसे बचाव के लिए उपाय भी बताएं जा रहे हैं। मेरे वार्ड में कोई भी डेंगू से पीड़ित अब तक नही मिला है।

## नगर निगम के कर्मचारियों का मिल रहा है पूरा सहयोग : मदन राय



करंट क्राइम : राजेन्द्र नगर वार्ड-86 के पार्षद मदन राय ने बताया उनके वार्ड में नगर निगम के कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिलता है। यहां पर समय-समय एंटी लार्वा व फॉगिंग छिड़काव होता है। उन्होंने बताया कार्य तो हो रहे हैं लेकिन विकास के कार्य बहुत कम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम के कर्मचारी रोज छोटी व बड़ी मशीनों से छिड़काव किया जा रहा है, सुरक्षित वार्ड भी है।

## क्षेत्र की 12 कॉलोनी में रोज दो इलाके कर रहे हैं कवर : नीरज गोयल



करंट क्राइम : वार्ड- 88 के पार्षद नीरज गोयल का कहना है कि उनके क्षेत्र में कुल 12 कॉलोनी आती हैं। 12 कॉलोनी को कवर करने के लिए उन्होंने ऐसा प्लान बनाया है कि 6 दिन में दो-दो कॉलोनी में प्रतिदिन फॉगिंग की व्यवस्था की जाए ताकि प्रत्येक मोहल्ले और गली को कवर किया जा सके। उन्होंने कहा है कि वैसे अभी तक तो उनके इलाके में डेंगू से किसी को नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन एहतियात के तौर पर वह लगातार अपने क्षेत्र में नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीमों को सूचना देकर फॉगिंग की व्यवस्था करवा रहे हैं। वहीं नगर निगम भी लगातार पार्षदों को संपर्क कर रहा है कि कहा पर फॉगिंग की अधिक आवश्यकता है, उसी अनुरूप फॉगिंग कराई जा रही है।

## फॉगिंग हो रही है भरपूर : उमेश नागर पप्पू



करंट क्राइम : वार्ड-71 के अंतर्गत संजय नगर द्वितीय आता है। यहां के पार्षद उमेश नागर पप्पू का कहना है कि उनके इलाके में लगातार नगर निगम की ओर से भरपूर फॉगिंग कराई जा रही है। खुद नगर निगम के अधिकारी संपर्क कर रहे हैं। साथ ही सफाई नायक भी बताते हैं कि कहां पर फॉगिंग की अधिक आवश्यकता है। उसी इलाके के लिए टीम को भेज दिया जाता है। फॉगिंग को लेकर नगर निगम लगातार काम कर रहा है और इस अभियान को डेंगू को देखते हुए आने वाले दिनों में और तेज करवाएंगे ताकि प्रत्येक गली और मकान के आसपास ड़ेगू से बचाव के लिए फॉगिंग हो सके।

## नेहरू नगर में नहीं आया है अभी तक कोई भी डेंगू का केस : अजीत निगम



करंट क्राइम : वार्ड-96 के अंदर नेहरू नगर का इलाका आता है। यहां के पार्षद अजीत निगम का कहना है कि नगर निगम की ओर से प्रतिदिन फॉगिंग कराई जा रही है। रविवार को भी फॉगिंग की टीम ने अपना कार्य किया था। अजीत निगम ने कहा है कि अभी तक उनके इलाके में कोई भी डेंगू का केस नहीं आया है। इसके साथ ही खुले नालों और जहां कूड़ा या कहीं पानी का जमाव है, वहां विशेष रूप से फॉगिंग कराने के लिए टीम को कहा गया है ताकि इस बीमारी से बचा जा सके।

## वार्ड में नहीं मिला कोई भी डेंगू का केस: कुसुम गोयल



करंट क्राइम : वैशाली-कौशांबी क्षेत्र से पार्षद कुसुम गोयल ने बताया उनके वार्ड 72 में कोई भी डेंगू का केस नहीं मिला है। वहीं निगम द्वारा रोज ही फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है, लेकिन जिला मलेरिया विभाग द्वारा कोई भी क्षेत्र में काम नहीं हो रहे है। ना ही लोगों को जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा मलेरिया विभाग भी वार्डों में जाकर काम करेगा, तो लोगों में जागरुकता आएगी और बचाव भी होगा।

## वार्ड में छोटी मशीनों से कर रहे हैं फॉगिंग: शशि खेमका



करंट क्राइम : सूर्य नगर के पार्षद शशि खेमका ने बताया वार्ड-94 में समय-समय पर गलियों में फॉगिंग व एंटी लार्वा का मार्केट में छोटी मशीनों से छिड़काव कराई जा रही है। उन्होंने कहा क्षेत्र में जहां भी जल भराव की समस्या उत्पन्न होती है, वहीं नगर निगम द्वारा फागिंग व लार्वे का छिड़कव्वा किया जा रहा है।

## वार्ड में जगह-जगह जमा है पानी, बना हुआ खतरा: राहुल शर्मा



करंट क्राइम : राजेंद्र नगर वार्ड- 80 के पार्षद राहुल शर्मा ने बताया राजेंद्र नगर सेक्टर-2 में पानी भरा हुआ है। जिस कारण बीमारी का खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि पसौंडा पुलिया से लेकर शालीमार गार्डन ए ब्लॉक को जाने वाले नाला सेक्टर-2 के पास टूटा हुआ है जो बरसात के दौरान घरों में पानी भर जाता है। जिस कारण बीमारी का खतरा बना रहता है, कई बार शिकायत करने के बाद भी नगर निगम के अधिकारी इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि नाला बन जाए तो वार्ड में जल भराव की समस्या उत्पन्न नहीं होगी।

## वार्ड में नहीं मिल रहा नगर निगम कर्मचारियों का सहयोग: भूपेंद्र उपाध्याय



करंट क्राइम : झंडापुर वार्ड-41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने बताया वार्ड में जगह-जगह जलभराव की समस्या उत्पन्न है, लेकिन नगर निगम कर्मचारियों द्वारा समय पर ना तो फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव नहीं हो पा रहा है। जिस कारण बीमारी का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा मलेरिया विभाग द्वारा भी कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। यदि ऐसा ही रह तो क्षेत्र में बीमारियों का खतरा उत्तपन्न हो सकता है।

## मच्छरों से सुरक्षित है वार्ड- 40 : हिमांशु चौधरी



करंट क्राइम : साहिबाबाद गांव के पार्षद हिमांशु चौधरी ने बताया मेरा वार्ड 100% डेंगू से सुरक्षित है, क्योंकि नगर निगम कर्मचारी द्वारा रोज फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। समय-समय पर नालों की सफाई हो रही, कूड़े के ढेर पर भी एंटी लार्वा का छिड़ा हुआ है। नगर निगम के कर्मचारी भी दवा का छिड़का करते हैं। उन्होंने बताया है कि नगर निगम के कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिल रहा है। जिस कारण डेंगू का कोई खतरा वार्ड 40 में नजर नहीं आ रहा है।

## कोई मामला नहीं आया डेंगू का अभी तक सामने : विनय चौधरी



करंट क्राइम : बृज विहार वार्ड 68 के पार्षद विनय चौधरी ने बताया वार्ड में डेंगू की कोई समस्या नहीं उत्पन्न हुई, अभी बरसात के बाद जैसे ही संक्रमित बीमारियों का खतरा बना रहता है। उसको लेकर नगर निगम के कर्मचारी वार्ड में फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव कर रहे हैं। इलाका अभी डेंगू से सुरक्षित है। अभी भी वार्ड में निगम के कर्मचारियों को और भी तेजी से काम करने के लिए कहा जाएगा जिससे बीमारी का खतरा दूर बना रहे।

## संपादकीय

# दीर्घायु की तलाश में इंसान

सदियों से इंसानों की यह कोशिश रही है कि आयु को बढ़ने से कैसे रोक दिया जाए। आयु ही नहीं, बल्कि मृत्यु को भी टालने की तमन्ना आदि काल से बरकरार है। इसमें कोई शक नहीं है कि विगत एक सदी में इंसानों ने अपने जीवन को औसतन दोगुना लंबा कर लिया है। अभी भी अधिकतम 120 वर्ष की आयु तक लोग जीते पाए जाते हैं। उम्रदराज लोगों की संख्या दुनिया में बढ़ी है, पर चिकित्सकों के साथ ही अनेक वैज्ञानिकों की यह कोशिश भी जारी है कि आमतौर पर लोगों को जल्दी बूढ़ा होने से रोका जाए। बुढ़ापे को कैसे टाला जा सकता है, यह एक गहरे अध्ययन का विषय रहा है। हाल में जारी नेचर हिट्स द बुक्स के नवीनतम एपिसोड में नोबेल विजेता वेंकी रामकृष्णन ने उम्र बढ़ने की अंतर्निहित आणविक प्रक्रियाओं पर गहराई से प्रकाश डाला है और बताया है कि दीर्घायु की तलाश में स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। ज्यादा जीने के साथ ही अच्छा जीना भी आज दिलचस्प विषय है। अच्छी जीवन शैली, साफ परिवेश, शुद्ध खान-पान और चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाने की अनिवार्यता का बढ़ना तय है।

विज्ञान पत्रिका नेचर में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, एआई की मदद से एक ऐसी मस्तिष्क घड़ी का निर्माण हुआ है, जो यह बता सकती है कि किसी व्यक्ति का मस्तिष्क उसकी आयु की तुलना में ज्यादा तेजी से बूढ़ा हो रहा है या नहीं। दरअसल, ज्यादा समय तक युवा रहने के लिए दिमाग का युवा रहना जरूरी है। यह खास घड़ी बताती है कि अधिक असमानता वाले देशों और लैटिन अमेरिकी मुल्कों में दिमाग तेजी से बूढ़ा होता है। इस शोध के प्रमुख लेखक और सैंटियागो में एडोल्फो इबनेज यूनिवर्सिटी के न्यूरोसाइंटिस्ट ऑगस्टिन इबनेज कहते हैं कि जिस तरह से आपका मस्तिष्क बूढ़ा होता है, वह सिर्फ वर्ष से संबंधित नहीं है। यह इस बारे में भी बताता है कि आप कहां रहते हैं, क्या करते हैं, आपका सामाजिक-आर्थिक स्तर, आपके पर्यावरण में प्रदूषण का स्तर कैसा है। शोधकर्ता यह भी स्पष्ट करते हैं कि कोई भी देश, जो लोगों के मानसिक स्वास्थ्य में निवेश करना चाहता है, उसे संरचनात्मक विषमताओं को पहले दूर करना चाहिए। अगर किसी देश में कुछ अमीर हैं और ढेर सारे गरीब, तो उस देश में आयु ज्यादा नहीं बढ़ेगी। जिस देश में आय की समानता ज्यादा होगी, वहां के लोगों को लंबी जिंदगी नसीब होगी।

यह खास रिपोर्ट नेचर मेडिसिन में भी प्रकाशित हुई थी और इसकी चर्चा स्वाभाविक ही ज्यादा हो रही है। ज्यादा जीना भला कौन नहीं चाहेगा? यह बात भी महत्वपूर्ण है कि आप अपने दिमाग का इस्तेमाल कैसे कर रहे हैं। अगर आपका दिमाग नई-नई चीजों से लगातार जुड़ रहा है, तो उसका उत्तरोतर समृद्ध होते जाना निश्चित है। यह देखा गया है कि बढ़ती उम्र के साथ लोगों का दिमाग बदलता जाता है और उनके पसंदीदा विषयों में कमी आने लगती है। क्या इस प्रक्रिया को रोका जा सकता है? क्या दिमाग को ज्यादा समय तक युवा रखा जा सकता है? वैज्ञानिकों को ठोस समाधान के साथ सामने आना चाहिए।

# अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस की खावड़ा में 7 गीगावाट की ट्रांसमिशन लाइन के साथ और मजबूत हुई स्थिति



**अहमदाबाद।** अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) की ओर से सोमवार को कहा गया कि कंपनी की ओर से खावड़ा फेस-क्ष पार्ट-ए ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट का अधिग्रहण पूरा कर लिया गया है। इससे देश की सबसे बड़ी निजी ट्रांसमिशन कंपनी के रूप में एईएसएल की स्थिति और मजबूत होगी। 4,091 करोड़ रुपये की लागत वाले इस प्रोजेक्ट में 298 किलोमीटर लंबी 7 गीगावाट की ट्रांसमिशन लाइन है, जो कि खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी पार्क से राष्ट्रीय ग्रिड को बिजली की आपूर्ति करेगी। एईएसएल की ओर से यह प्रोजेक्ट टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) प्रोसेस से जीता गया है। इस प्रोजेक्ट को अगले 24 महीने में कमीशन किया जाएगा और 35 वर्षों तक कंपनी इसकी देखरेख करेगी। एईएसएल के सीईओ कंदर्प पटेल ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े रिन्यूएबल एनर्जी पार्क खावड़ा को वर्ल्ड क्लास के साथ मजबूत और फ्यूचर रेडी ट्रांसमिशन नेटवर्क की जरूरत है। यह निवेश 30 गीगावाट की क्षमता वाले रिन्यूएबल पार्क खावड़ा से बिजली ट्रांसमिशन करने के साथ ग्रिड की स्थिरता के लिए भी जरूरी है। पटेल ने आगे कहा, एईएसएल को इस पहल का हिस्सा बनने पर काफी गर्व है। यह राष्ट्रीय ग्रिड में ग्रीन एनर्जी के प्रवाह के साथ भारत के नेट जीरो का लक्ष्य पाने में मदद करेगा।

खावड़ा आईवीए पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड एक स्पेशल पर्पस व्हीकल (एसपीवी) है, जिसे आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल) द्वारा खावड़ा रिन्यूएबल पार्क से 7 गीगावाट की बिजली उठाने के लिए बनाया जा रहा है। प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए एईएसएल द्वारा इसका अधिग्रहण किया गया था। एईएसएल के पास अब 21,783 सीकेएम की ट्रांसमिशन लाइन्स हैं। साथ ही 61,686 एमवीए की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता है। अदाणी ग्रुप की ओर से गुजरात के खावड़ा में 30 गीगावाट की क्षमता वाला रिन्यूएबल एनर्जी पार्क बनाया जा रहा है। इसमें सोलर के साथ पवन ऊर्जा से भी बिजली का उत्पादन किया जाएगा। कंपनी का कहना है कि अदाणी ग्रुप खावड़ा को एक बंजर जमीन से भारत के नेट जीरो लक्ष्य के तहत एक लैंडमार्क के रूप में विकसित कर रही है।

# ऑल टाइम हाई पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड



**मुंबई।** मजबूत ग्लोबल संकेतों के कारण भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में रिकॉर्ड हाई पर खुले। कारोबार की शुरूआत में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमशः 82,725 और 25,333 का नया ऑल-टाइम हाई बनाया। सुबह 9:22 पर सेंसेक्स 195 अंक या 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,561 और निफ्टी 68 अंक या 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,304 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी खरीदारी देखी जा रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 132 अंक या 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,421 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 51 अंक या 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,358 पर था। अब तक के कारोबार में ऑटो, आईटी, फिन सर्विस, एफएमसीजी, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रा और पीएसई सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स हैं। पीएसयू बैंक, मेटल और मीडिया में दबाव बना हुआ है। सेंसेक्स पैक में आईटीसी, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, टीसीएस, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी, जेएसडब्ल्यू स्टील, सन फार्मा और नेस्ले टॉप गेनर्स हैं। वहीं, टाटा मोटर्स, एमएंडएम, एनटीपीसी, टाइटन और आईसीआईसीआई बैंक टॉप लूजर्स हैं। एशिया के ज्यादातर बाजारों में हरे निशान में कारोबार हो रहा है। टोक्यो, जकार्ता और सोल में तेजी हैं। केवल हांगकांग और शंघाई के बाजारों में गिरावट है। अमेरिका के बाजार शुक्रवार के सत्र में तेजी के साथ बंद हुए थे। चॉइस ब्रोकिंग में एनालिस्ट का कहना है कि अमेरिका में शुक्रवार को बाजार ऑल-टाइम हाई पर बंद होने के कारण भारतीय बाजारों में तेजी है। गैप-अप से खुलने के बाद निफ्टी के लिए 25,200, 25,100 और फिर 25,000 एक अहम सपोर्ट लेवल है। वहीं, 25,300 एवं 25,350 और फिर 25,400 एक अहम रुकावट का स्तर है।

# भारत में मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में वृद्धि जारी, अगस्त में पीएमआई 57.5 रहा



**नई दिल्ली।** देश में मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में विस्तार जारी है। अगस्त में मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 57.5 रहा है, जो कि जुलाई में 58.1 था। एचएसबीसी इंडिया के सर्वे में सोमवार को यह जानकारी दी गई। इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) एसएंडपी ग्लोबल द्वारा तैयार किया जाता है। जब भी यह 50 के ऊपर होता है तो सुधार को दिखाता है। भारत का मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई जुलाई 2021 के बाद से ही 50 के ऊपर बना हुआ है। यह बीते 11 वर्षों में अब तक की सबसे बड़ी वृद्धि है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई में अगस्त में नरमी की वजह नए बिजनेस और आउटपुट में कम वृद्धि होना है। हालांकि, कंपनियों की ओर से इनपुट में कमी की संभावना को देखते हुए खरीदारी को बढ़ा दिया है। प्री-प्रोडक्शन स्टॉक में उछाल पिछले 19 वर्ष से अधिक के डाटा संग्रह में सबसे तेज रहा है। खरीदारी की गतिविधियों में तेज उछाल की वजह लागत में कमी आना है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि लागत में महंगाई दर बीते पांच महीने में सबसे कम तेजी से बढ़ी है। एचएसबीसी की मुख्य भारतीय अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी का कहना है कि भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की वृद्धि दर में अगस्त में हल्की नरमी देखने को मिली है। जो नए ऑर्डर और आउटपुट हेडलाइन ट्रेंड को दिखाते हैं। इस सर्वे में भाग लेने वाली कुछ कंपनियों का कहना है कि अधिक प्रतिस्पर्धा वृद्धि दर में नरमी का कारण है। जुलाई में मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में विस्तार की वजह मजबूत घरेलू मांग और नए एक्सपोर्ट ऑर्डर का मिलना है। रिपोर्ट में कहा गया कि आने वाले 12 महीने का आउटलुक सकारात्मक बना हुआ है और कंपनियां अतिरिक्त स्टाफ जोड़ने को लेकर आशावादी है।

# अब झांसी की रानी उसे सुनानी है

प्रस्तुति करंट क्राइम



**नरेंद्र राठी**
**(कवि गाजियाबादी)**



बहुत सुनाई परियों की कहानी,
अब झांसी की रानी उसे सुनानी है,
झेप उसकी मिटानी है,
आंख में आंख उसे मिलानी है,
हथियार उसे थमा दो तुम,
चलाना उसे सीखा दो तुम,
इतना उसे बता दो तुम,
जो देखें गलत नजरों से,
निकाल कर उसे दिखानी है,
बहुत सुनाई परियों की कहानी,
अब झाँसी की रानी उसे को सुनानी है..
बहुत हो चुका अब,
सुनाई ना दे कोई चीत्कार,
खबरों में ना हो कोई बलात्कार,
जूडो-कराटे उसे सीखा दो तुम,
दंगल उसे दिखा दो तुम,
जो छू भी जाये कोई,
धूल उसे चटानी है,
बहुत सुनाई परियों की कहानी,
अब झाँसी की रानी उसे सुनानी है...
बिटिया को कोई हाथ लगा न पाए,
दरिन्दे को कोई बचा ना पाये,
वीनेश फोगाट उसे बना दो तुम,
सुचेता, सावित्री बाई उसे बता दो तुम,
खूब लड़ी मर्दानी उसे बनानी है,
जो करे कुकर्म की हिम्मत,
फांसी उसे दिखानी है,
बहुत सुनाई परियों की कहानी,
अब झाँसी की रानी उसे सुनानी है..

## राशिफल

**मेष:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष:** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क:** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह:** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या:** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला:** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक:** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु:** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर:** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन:** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

संता : पंडित जी, मेरी शादी नहीं हो रही है..
कोई उपाय बताओ।
पंडित जी : सबसे पहले, बड़ों से 'सदा सुखी रहो' के आशीर्वाद लेना बंद करो।

---

बीवी : जो आदमी रोज शराब पीकर आये उसके लिए मेरे मन में कोई हमदर्दी नहीं है..!
पति : जिसको रोज शराब मिल जाये, उसे तुम्हारी हमदर्दी की जरुरत भी नहीं है!!

---

हॉस्टल स्टूडेंट अपने दोस्त से :
भाई धोखा हो गया धोखा
दोस्त :- क्या हो गया?
स्टूडेंट : घर से बुक्स के लिए पैसे मंगवाए थे, घर वालों ने बुक्स ही भेज दी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- 259X39Xआपकी उम्र = तीन बार आपकी उम्र।
- 2520 ऐसा सबसे छोटा अंक है जो 1 से लेकर 10 तक के सभी अंको से पूरा डिवाइड हो सकता हैं।
- अगर एक जगह पर 23 आदमी खड़े है तो उनमें से 2 का जन्मदिन मिलने की संभावना 50% हैं।
- 21978 को 4 से गुणा करने पर उत्तर इस संख्या का उल्टा 87912 आयेगा।
- स्कूल के समय में 74% लड़कियाँ विज्ञान, तकनीकी इंजीनियर और गणित में अपनी रूचि दिखाती है लेकिन कॉलेज के टाइम पर सिर्फ 0.4% लड़कियाँ ही कंप्यूटर लेती हैं।
- जीरो (0) अकेला ऐसा अंक है जिसे हम रोमन में नहीं लिख सकते।
- 555 को थाईलैंड में 'हाहाहा' के तौर पर प्रयोग किया जाता है क्योंकि 'फाइव' का उच्चारण वहां 'हा' होता हैं।
- जीरो एक सम संख्या हैं। झींगे का खून किसी भी रंग का नहीं होता पर जब खून बाहर निकलता है तो ऑक्सीजन गैस के साथ मिलकर नीले रंग में परिवर्तित हो जाता हैं।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# रजत जीतने के बाद भी खुश नहीं दिखे निषाद

## पीएम मोदी ने की हौसला अफजाई








**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों के हाई जंप टी47 इवेंट में रजत पदक जीतने पर निषाद कुमार को बधाई दी। इस एथलीट ने 2.04 मीटर की जंप के साथ अपना दूसरा पैरालंपिक मेडल जीता। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, पैरालंपिक में पुरुषों की हाई जंप टी47 स्पर्धा में रजत पदक जीतने के लिए निषाद कुमार को बधाई। उन्होंने हम सभी को दिखाया है कि जुनून और दृढ़ संकल्प के साथ सब कुछ संभव है। हर भारतीय खुश है। अपने इवेंट में निषाद अमेरिका के रोडरिक टाउनसेंड के बाद दूसरे नंबर पर रहे, जिन्होंने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया है। हालांकि निषाद इस जीत से खुश नहीं हैं। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार मैच के बाद निषाद ने कहा, पिछले मंगलवार को मैंने अभ्यास में 2.10 मीटर की छलांग लगाई थी और यहां मैं 2.04 मीटर पर रुक गया। इसलिए मैं निराश हूं। मैं टोक्यो (2020 पैरालंपिक), विश्व चैंपियनशिप और यहां एक अन्य ओलंपिक में (टाउनसेंड) से हारता रहा हूं, इसलिए रजत पदक मुझे बहुत खुशी नहीं दे रहा है, बल्कि थोड़ा परेशान कर रहा है। उन्होंने कहा, मैं बहुत आश्वस्त था, क्योंकि प्रशिक्षण में मैं लगातार 2.07, 2.08 मीटर की छलांग लगा रहा था... बेशक मैं निराश हूं, लेकिन भगवान ही जानता है कि आज ऐसा क्यों नहीं हो सका।

निषाद का रजत पदक पेरिस पैरा खेलों में भारत का सातवां और एथलेटिक्स में तीसरा पदक था। इससे पहले प्रीति पाल ने 100 मीटर और 200 मीटर टी 35 वर्ग स्पधाओं में कांस्य पदक जीता था। भारत के लिए अन्य चार पदक पैरा शूटिंग में आए। अवनि लेखरा और मोना अग्रवाल ने एसएच1 वर्ग में 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग में क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीता था। मनीष नरवाल (पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1) और रुबीना फ्रांसिस (महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता था। स्टार पैरा एथलीट निषाद कुमार ने रजत पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया है। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले से संबंध रखने वाले निषाद कुमार की इस उपलब्धि से जिला भर में खुशी की लहर दौड़ गई है। एक तरफ जहां भारी संख्या में लोग निषाद के घर बधाई देने के लिए पहुंच रहे हैं, वहीं सोशल मीडिया पर भी उन्हें खूब सराहा जा रहा है। इससे पहले वर्ष 2020 के टोक्यो पैरालंपिक में भी निषाद ने रजत पदक जीता था।

# पेरिस पैरालंपिक : योगेश कथुनिया ने डिस्कस थ्रो में जीता रजत पदक



**पेरिस।** भारत के योगेश कथुनिया ने सोमवार को पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की डिस्कस थ्रो- एफ56 स्पर्धा में रजत पदक जीता। मई में विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एफ56 श्रेणी में रजत पदक जीतने वाले कथुनिया ने 42.22 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया और रजत जीता, जबकि ब्राजील के क्लॉडनी बतिस्ता डॉस सैंटोस ने 46.86 मीटर के रिकॉर्ड थ्रो के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा का कांस्य पदक कोंस्टैंटिनोस त्जोनिस ने जीता, जिन्होंने 41.32 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया। कथुनिया ने अपने पहले ही प्रयास में रजत पदक अपने नाम किया और इसके बाद क्रमशः 41.50 मीटर, 41.55 मीटर, 40.33 मीटर, 40.89 मीटर और 39.68 मीटर की दूरी तक थ्रो किया। दिलचस्प बात यह है कि 27 वर्षीय भारतीय एथलीट ने टोक्यो 2020 में 44.38 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत पदक जीता था। पेरिस 2023 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में भी उन्होंने सिल्वर मेडल जीता था। हरियाणा के बहादुरगढ़ से आने वाले कथूनिया 9 साल की उम्र से ही गिलियन-बर्रे सिंड्रोम का शिकार हो गए थे, जिसके कारण उन्हें लकवा पड़ गया था। इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और उनकी मां ने की बहुत सहयोग दिया। 2017 में अपने कॉलेज दिनों में उन्होंने डिस्कस थ्रो की ट्रेनिंग शुरू की थी और इसके बाद से ही वह लगातार इस गेम में भारत के लिए मेडल जीत रहे हैं। कथुनिया का रजत पदक पेरिस पैरा खेलों में भारत का आठवां और एथलेटिक्स में चौथा पदक है। इससे पहले, निषाद ने पुरुषों की हाई जंप टी47 में रजत और प्रीति पाल ने 100 मीटर और 200 मीटर टी35 वर्ग स्पधाओं में कांस्य पदक जीते थे। भारत के लिए अन्य चार पदक पैरा शूटिंग में जीते गए। अवनि और मोना अग्रवाल ने एसएच1 वर्ग में 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग में क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीता। मनीष नरवाल (पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1) और रुबीना फ्रांसिस (महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता।

# पेरिस पैरालंपिक : हिना सिद्धू ने एथलेटिक्स में प्रीति पाल के ऐतिहासिक प्रदर्शन की सराहना की







**नई दिल्ली।** भारत की ओलंपियन पिस्टल शूटर हिना सिद्धू ने पेरिस पैरालंपिक में ऐतिहासिक पदक जीतने वाली पैरा-एथलीट प्रीति पाल की सराहना की। इस एथलीट ने अपने हौसले और जज्बे से वो कर दिखाया है, जो अभी तक किसी भी भारतीय महिला ने न ओलंपिक में किया था और न ही पैरालंपिक में। महिला एथलीट प्रीति पाल ने महिला 200 मीटर रेस (टी35) इवेंट में कांस्य पदक हासिल किया। यह इस पैरालंपिक में प्रीति पाल का दूसरा कांस्य पदक है। इससे पहले उन्होंने 100 मीटर में भी पदक जीता था। प्रीति ने सोमवार को महिलाओं की 200 मीटर टी35 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह पैरालंपिक या ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बन गई। हीना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने के लिए प्रीति पाल को हार्दिक बधाई। अपने जीवन में अनेक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, आप इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने में सफल रहीं। राष्ट्र को न केवल आप पर गर्व है, बल्कि आपके चरित्र और भावना से प्रेरणा भी मिलती है। जीतती रहो और आगे बढ़ती रहो प्रीति। इससे पहले शुक्रवार को भारतीय धाविका ने महिलाओं की 100 मीटर टी35 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। 23 वर्षीय एथलीट ने फाइनल में 14.21 सेकंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया, जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ भी था। प्रधानमंत्री ने इस स्टार एथलीट को 'एक्स' पोस्ट में बधाई देते हुए लिखा कि पैरालंपिक 2024 में महिलाओं की 200 मीटर टी35 स्पर्धा में अपना दूसरा पदक जीतने वाली प्रीति पाल की ऐतिहासिक उपलब्धि भारत के लोगों के लिए प्रेरणा है। उनका समर्पण सचमुच उल्लेखनीय है। इसके बाद पीएम ने पदक जीतने वाले सभी खिलाड़ियों से फोन पर बात भी की थी। भारत के रिकॉर्ड 84 पैरा एथलीट पेरिस 2024 पैरालंपिक में भाग ले रहे हैं। यह इवेंट 28 अगस्त को शुरू हुआ था और 8 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। भारत पेरिस 2024 पैरालंपिक में 12 प्रतियोगिताओं में भाग ले रहा है, जो टोक्यो 2020 की तुलना में तीन अधिक है। पेरिस पैरालंपिक में भारत अब तक सात मेडल अपने नाम कर चुका है।

# साइना नेहवाल ने किया गठिया रोग से जूझने का खुलासा, इस साल के अंत तक ले सकती हैं संन्यास पर फैसला





**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष महिला बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने खुलासा किया है कि वह गठिया (आर्थराइटिस) से जूझ रही हैं और इसी साल के अंत तक अपने खेल करियर के बारे में फैसला लेंगी। उन्होंने बताया कि इस बीमारी के कारण उनके लिए रोज की ट्रेनिंग करना बहुत मुश्किल हो गया है। साइना ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2012 में लंदन ओलंपिक में महिला सिंगल्स में कांस्य पदक जीता था। साइना दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी भी रही हैं और उन्होंने 2010 और 2018 के कॉमनवेल्थ खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता है। साइना ने 'हाउस ऑफ ग्लोरी' पॉडकास्ट में कहा, मेरे घुटने ठीक नहीं हैं। मुझे गठिया है। मेरे कार्टिलेज की हालत बहुत खराब है। आठ-नौ घंटे की ट्रेनिंग करना बहुत मुश्किल हो गया है। ऐसे में आप दुनिया के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों को कैसे चुनौती देंगे? रिटायरमेंट के बारे में बात करते हुए साइना ने कहा, मैं भी इस बारे में सोच रही हूं। दुख होगा क्योंकि यह मेरे लिए एक नौकरी की तरह है, जैसे किसी आम इंसान की नौकरी होती है। खिलाड़ी का करियर हमेशा छोटा होता है। मैंने 9 साल की उम्र में खेलना शुरू किया था और अगले साल मैं 35 साल की हो जाऊंगी। साइना ने आगे कहा, तो, मेरा करियर भी काफी लंबा रहा है और मुझे इस पर गर्व है। मैंने अपने शरीर को बहुत हद तक तोड़ दिया है, लेकिन मैं खुश हूं कि मैंने अपना सब कुछ दिया है। इस साल के अंत तक मैं देखूंगी कि मैं कैसा महसूस करती हूं। साइना ने तीन ओलंपिक (2008, 2012, और 2016) में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने कहा, ओलंपिक में भाग लेना हर बच्चे का सपना होता है। इसके लिए आप सालों तक तैयारी करते हैं। इसलिए, जब आपको एहसास होता है कि आप नहीं खेल पाएंगे, तो बहुत दुख होता है। क्योंकि ऐसा नहीं है कि आप खेलना नहीं चाहते, लेकिन आपका शरीर कहता है कि आप ठीक नहीं हैं और आपको चोटें लगी हैं। लेकिन मैंने बहुत मेहनत की है। मैंने तीन ओलंपिक में हिस्सा लिया। मैंने सभी में 100% दिया। मैं इस पर गर्व कर सकती हूं और खुश हो सकती हूं। साइना ने अपने करियर के उस कठिन दौर के बारे में भी बात की जब वह 2010 के मध्य में लगातार जीत हासिल करने में संघर्ष कर रही थीं और 2014 में गोपीचंद अकादमी छोड़कर बेंगलुरु में ट्रेनिंग का मुश्किल फैसला लिया। उन्होंने कहा, नवंबर 2012 से अगस्त 2014 तक, मुझे अच्छे नतीजे नहीं मिले। लगभग दो साल तक प्रदर्शन नहीं कर पाने से मैं परेशान थी। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था और मैं समाधान नहीं ढूंढ पा रही थी। मेरी रैंकिंग 9वीं या 10वीं हो गई थी। मैंने सोचा कि मुझे कुछ अलग करना होगा। मैंने कभी घर से बाहर जाकर ट्रेनिंग नहीं की थी। यह बाहर जाने का एक बड़ा फैसला था। मैं भावुक भी हो गई थी, लेकिन मुझे यह फैसला लेना था।

# पीठ की चोट के कारण डेविस कप मुकाबले से हटे सुमित नागल



**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष पुरुष एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने पीठ की समस्या का हवाला देते हुए स्वीडन के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले से नाम वापस ले लिया है। डॉक्टरों की सलाह के अनुसार उन्हें दो सप्ताह के आराम की आवश्यकता है। सुमित नागल ने सोमवार को सोशल मीडिया पर डेविस कप में अपनी भागीदारी की स्थिति का खुलासा किया। 27 वर्षीय खिलाड़ी यूएस ओपन के पुरुष एकल मुकाबले में नीदरलैंड के टैलोन ग्रिकस्पूर से हारने के बाद पहले दौर से बाहर हो गए थे। फ्लशिंग मीडोज में पुरुष युगल स्पर्धा से नाम वापस लेने वाले नागल ने कहा कि यह भी उसी पीठ की समस्या के कारण है जो पिछले कुछ हफ्तों से उन्हें परेशान कर रही है। नागल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, सभी को नमस्कार, मैं स्वीडन के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए वास्तव में उत्सुक था। हालांकि, पिछले कुछ हफ्तों से मुझे पीठ की समस्या परेशान कर रही है, जिसके कारण डॉक्टरों ने मुझे अगले दो सप्ताह आराम करने की सलाह दी है, जिससे मुझे स्वीडन में तैयारी और प्रतिस्पर्धा करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाया। इसी समस्या के कारण मुझे यूएस ओपन डबल्स से भी हटना पड़ा। उन्होंने आगे कहा, मैं इस मुकाबले में नहीं खेल पाने से बहुत निराश हूं, लेकिन मुझे अपने शरीप पर भी ध्यान देना होगा, ताकि मैं इस सीजन को मजबूत और स्वस्थ तरीके से समाप्त कर सकूं। जुलाई की शुरूआत में नागल ने अपने करियर की नई सर्वोच्च रैंकिंग 68 हासिल की थी, लेकिन 12 अगस्त को जारी अंतिम अपडेट में वह 73वें स्थान तक खिसक गए थे।

भारत 14 और 15 सितंबर को स्टॉकहोम के रॉयल टेनिस हॉल में डेविस कप विश्व ग्रुप 1 में स्वीडन से भिड़ेगा। जीशान अली के बाद पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन आशुतोष सिंह को पिछले महीने भारत का टेनिस मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। अली इस पद पर करीब 11 साल से अधिक समय तक कार्यरत रहे थे।

# आईएसएल मेरे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण टूनार्मेंटों में से एक बन गया है : सुनील छेत्री



**मुंबई।** बेंगलुरु एफसी के कप्तान सुनील छेत्री ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) को अपने करियर के सबसे महत्वपूर्ण टूनार्मेंट्स में से एक बताया है। 2024-25 के सीजन की शुरूआत से पहले छेत्री ने कहा कि 2014 में जब आईएसएल शुरू हुआ था, तब उन्होंने इसके इतने बड़े स्तर तक पहुंचने की उम्मीद नहीं की थी। उन्होंने कहा कि लीग ने कई युवा प्रतिभाओं को सामने लाया है और नए क्लबों के आने से यह और भी बड़ी हो गई है। छेत्री ने आईएसएल के बारे में बात करते हुए कहा, ₹पिछले 10 साल में आईएसएल ने शानदार विकास किया है। अगर मुझसे 10 साल पहले पूछा जाता कि आईएसएल भारतीय फुटबॉल में कहां पहुंचेगी, तो शायद मैं सही अंदाजा नहीं लगा पाता। यह लीग आठ क्लबों की दो महीने की लीग से बढ़कर अब पूरे साल चलने वाली हो गई है, और इसने कई नए खिलाड़ियों को भी तैयार किया है। उन्होंने आगे कहा, मेरे जीवन में आईएसएल सबसे महत्वपूर्ण टूनार्मेंट्स में से एक बन गई है। मैं एक भारतीय फुटबॉल फैन के तौर पर उम्मीद करता हूं कि आने वाले 10 साल पिछले 10 सालों से भी ज्यादा अच्छे हों। इस साल, आईएसएल में कोलकाता की मोहम्मडन एससी भी शामिल हो रही है, जो आई-लीग 2023-24 में अपनी शानदार जीत के बाद प्रमोशन पाकर आईएसएल का हिस्सा बनी है। छेत्री ने 2002 में मोहन बागान के साथ अपने सीनियर करियर की शुरूआत की थी और 2008-09 में ईस्ट बंगाल एफसी के लिए भी खेले थे। वह कोलकाता के क्लबों की लोकप्रियता से अच्छी तरह वाकिफ हैं और इसलिए मोहम्मडन एससी की आईएसएल में मौजूदगी से काफी उत्साहित हैं। छेत्री ने कहा, ₹मोहम्मडन एससी का खेलना शानदार होगा। वे जहां भी खेलते हैं, वहां लोगों की भीड़ होती है। मैं जब कोलकाता में था और मोहम्मडन एससी के खिलाफ खेलता था, तो हर स्टेडियम में उनके फैंस होते थे। चाहे वो अंबेडकर स्टेडियम दिल्ली में हो, कुपरेज स्टेडियम मुंबई में हो, हर जगह स्टेडियम खचाखच भरे होते थे। मुझे बहुत खुशी है कि मोहम्मडन एससी ने आईएसएल में अपनी जगह बनाई है।

आईएसएल 2024-25 सीजन की शुरूआत 13 सितंबर को मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान सुपर जाइंट के बीच विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (वीवाईबीके) में होगी। छेत्री की अगुवाई वाली बेंगलुरु एफसी 14 सितंबर को अपने घरेलू मैदान श्री कांतिरावा स्टेडियम में ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ खेलेगी। इस साल छेत्री ने भारत के लिए 19 साल के शानदार करियर के बाद अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया था। 40 साल की उम्र में उन्होंने 20 साल से ज्यादा का प्रोफेशनल फुटबॉल करियर पूरा किया है।

छेत्री ने कहा, भाईचुंग भूटिया का मेरे जीवन पर बहुत बड़ा असर रहा है। मेरे दौर में, घरेलू स्तर पर भाईचुंग भूटिया, आईएम विजयन और रेनडी सिंह बड़े नाम थे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, जब हम ज्यादा टीवी नहीं देख पाते थे, तब भी रोनाल्डो, थिएरी हेनरी और रुड वैन निस्टलरॉय जैसे खिलाड़ी मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा थे। मैंने इन सभी खिलाड़ियों से कुछ न कुछ सीखने की कोशिश की और उन्हें देखना मुझे बहुत पसंद था। आईएसएल 2024-25 के मैच जिओसिनेमा एप्लीकेशन पर लाइव स्ट्रीम किए जाएंगे और स्पोर्ट्स 18 नेटवर्क पर भी प्रसारित होंगे।

# पेरिस पैरालिंपिक : नितेश कुमार ने बैडमिंटन पुरुष सिंगल्स एसएल3 में स्वर्ण पदक जीता






**पेरिस।** शीर्ष वरीयता प्राप्त नितेश कुमार ने सोमवार को पुरुष सिंगल्स एसएल3 श्रेणी के बैडमिंटन फाइनल में ब्रिटेन के डेनियल बेथल को कड़े मुकाबले में 21-14, 18-21, 23-21 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। यह मैच ला चैपल एरिना कोर्ट 1 पर खेला गया था। अवनि लेखरा के बाद, यह 2024 पैरालंपिक खेलों में भारत का दूसरा स्वर्ण पदक है। यह पेरिस पैरालंपिक खेलों में भारत का कुल नौवां पदक है, जिसमें दो स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। पहला गेम 21-14 से जीतने के बाद, हालांकि नितेश को नेट पर नियंत्रण बनाए रखने में मुश्किलें आई थी। इससे पहले, नितेश ने बेथल को दस मैचों में कभी नहीं हराया था, लेकिन इस बार उन्होंने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की। दूसरी ओर, ब्रिटिश पैरा-शटलर बेथल के लिए यह एक बार फिर दिल टूटने वाला पल था, क्योंकि 2020 टोक्यो पैरालंपिक खेलों में भी उन्हें भारत के प्रमोद भगत से फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। उस समय बेथल भगत से सीधे दो गेम में हार गए थे और इस बार कड़ी टक्कर देने के बावजूद उन्हें रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। नितेश ने शानदार प्रदर्शन किया और लगातार अच्छा खेल दिखाया। उन्होंने ग्रुप ए में तीन लगातार जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। एसएल3 श्रेणी उन खिलाड़ियों के लिए है जिनके शरीर के एक तरफ की मूवमेंट पर थोड़ा असर होता है, या दोनों पैरों में परेशानी होती है, या जिनके अंग नहीं होते। हालांकि वे सभी तरह के शॉट मार सकते हैं, लेकिन कोर्ट पर उनकी मूवमेंट सीमित ही होती है। नितेश आईआईटी मंडी के स्नातक हैं। उन्होंने 2009 में विशाखापट्टनम में एक ट्रेन दुर्घटना में अपना पैर गंवाने के बाद आईआईटी में रहते हुए पैरा-बैडमिंटन खेलना शुरू किया था। पिछले दो साल से वह बेहतरीन फॉर्म में हैं और कई चैंपियनशिप जीत चुके हैं।

# एसए20 : सनराइजर्स ईस्टर्न केप, एमआई केपटाउन के मैच के साथ होगी सीजन 3 की शुरूआत




**नई दिल्ली।** एसए20 के तीसरे सीजन की शुरूआत 9 जनवरी, 2025 को सेंट जॉर्ज पार्क में होगी। इस सीजन की दो बार की विजेता टीम सनराइजर्स ईस्टर्न केप (एसईसी) और टक केपटाउन (एमआईसीटी) पहले मैच में आमने-सामने होंगी। टूनार्मेंट का फाइनल 8 फरवरी को जोहान्सबर्ग के प्रसिद्ध वांडरर्स में खेला जाएगा। एसए20 सीजन तीन का कार्यक्रम जोहान्सबर्ग में सोमवार को घोषित किया गया, जिसमें लीग कमिश्नर ग्रीम स्मिथ और सभी छह फ्रेंचाइजी टीमों के खिलाड़ी मौजूद थे। सनराइजर्स ईस्टर्न केप तीसरी बार खिताब जीतने के लिए खेलेंगे। वहीं, एमआईसीटी की टीम में बेन स्टोक्स और ट्रेंट बोल्ट शामिल हैं। पिछले सीजन की उपविजेता टीम, डरबन सुपर जायंट्स (डीएसजी), 10 जनवरी को प्रिटोरिया कैपिटल्स (पीसी) के खिलाफ किंग्समीड में खेलेगी। इस मैच में डीएसजी के लिए न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियमसन खेलते नजर आएंगे, जबकि पीसी की टीम में तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्खिया वापसी करेंगे। वह पिछले सीजन में चोट के कारण नहीं खेल सके थे। पार्ल रॉयल्स (पीआर) 11 जनवरी को एसईसी के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। उनकी टीम में के पास युवा क्वेना मापाका और अनुभवी दिनेश कार्तिक हैं। उसके बाद जोबर्ग सुपर किंग्स (जेएसके) की टीम, जिसमें फाफ डु प्लेसिस और डेवोन कॉन्वे एक बार फिर पीली जर्सी में खेलेंगे, बुलरिंग में एमआईसीटी के खिलाफ मुकाबला करेगी। 12 जनवरी को पीसी का मुकाबला डीएसजी से सेंचुरियन में होगा। एसए20 सीजन तीन में प्लेऑफ फॉर्मेट सीजन 2 जैसा ही रहेगा, लेकिन इस बार प्लेऑफ तीन अलग-अलग स्थानों पर खेले जाएंगे। शीर्ष दो टीमें क्वालिफायर 1 में खेलेंगी, इसके बाद तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर मैच में भिड़ेंगी। क्वालिफायर 1 की हारने वाली टीम और एलिमिनेटर की विजेता टीम क्वालिफायर 2 में आमने-सामने होंगी, जो फाइनल में क्वालिफायर 1 की विजेता टीम से मुकाबला करेगी। सेंट जॉर्ज पार्क क्वालिफायर 1 की मेजबानी करेगा, जबकि सेंचुरियन एलिमिनेटर और क्वालिफायर 2 की मेजबानी करेगा। 8 फरवरी को वांडरर्स में फाइनल खेला जाएगा। ग्रीम स्मिथ ने कहा, सीजन 3 और भी बड़ा और बेहतर होने वाला है, जिसमें रोमांचक मैच होंगे जो हमारे फैंस को मंत्रमुग्ध कर देंगे। हम डिफेंडिंग चैंपियन के साथ सीजन की शुरूआत करने के लिए उत्साहित हैं और हमें उम्मीद है कि यह गर्मियों का क्रिकेट सीजन खिलाड़ियों और फैंस दोनों के लिए यादगार रहेगा।

# गाजियाबाद में बृहद हिन्दू आत्मरक्षा जागरण रैली का आयोजन

## रैली 11 बजे रामलीला मैदान से शुरू होकर 1 बजे नवयुग मार्केट में समाप्त हुई






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद शहर में सोमवार को ऐसा लगा मानो राम राज्य आ गया हो, हिन्दू समाज के सभी वर्गों के महिला पुरुष अपनी जाति, संगठन भूल कर हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध एक मंच पर दिखाई दिये। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक हिन्दू शिरोमणि अनिल अग्रवाल साँवरिया जी का प्रयास रंग लाया और घंटाघर रामलीला मैदान में सुबह से ही संत समाज और सिख व अन्य पंथ के गुरु व सम्मानित लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गयी। पवन सिन्हा जी ने कहा भगवान सभी ऊँची- नीची जातियों के एक हैं तो हम क्यों बंटें। कार्यक्रम में पार्षदों का भी सहयोग रहा, पार्षद शीतल चौधरी ने बहुत मेहनत की कार्यक्रम को सफल बनाने में। उन्होंने कहा कि हिन्दुओं को एक होना पड़ेगा।

**हिन्दू संगठन की शक्ति को पहचानें और एक हों : अतुल गर्ग**

सांसद अतुल गर्ग ने भी कहा कि हिन्दू संगठन की शक्ति को पहचानें और एक हों। विकास हिंदू हूं विकास पंडित नहीं हूं। सब लोग तिलक लगाएं, कलावा बांधे जब 20% एक हैं तो 80% भी एक होने चाहिए जैसे विचार वक्ताओं द्वारा रखे गये।

रैली 11:00 बजे रामलीला मैदान से शुरू होकर 1:00 बजे नवयुग मार्केट में समाप्त हुई। रैली में हिन्दू समाज एक हो जैसे नारे जोश भरते रहे। रैली में मुख्य रूप से हिंदू स्वयंसुरक्षा संघ सभी परम सुबोध गर्ग, अनिल सांवरिया, गौरव गर्ग, राम अवतार जिन्दल, आर के गोयल, सुनील वार्ष्णेय, बहन शीतल चौधरी, प्रवीण शर्मा, धर्मेन्द्र बिल्लू पार्षद, देवेंद्र हितकारी, नरेंद्र बंसल स्नेहीजनों एवं पुरी टीम का कुशल संचालन राज कौशिक वरिष्ठ शायर व पत्रकार ने किया। इसे भव्य दिव्य विशाल रैली को सफल, अनुशासित बनाने में तनुज गंभीर की पूरी टीम सभी व्यापार मंडलों से आए हुए वरिष्ठ जन राजू छाबड़ा की टीम गोल मार्केट से संजीव लाहोरिया महाजन की टीम, शीतल चौधरी के आह्वान पर आए हुए सभी सम्मानित पार्षद गण, व्यापारी सुरक्षा फोराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक गोयल की टीम, पावन चिंतन धारा आश्रम के संस्थापक श्रीगुरु पवन सिन्हा एवं उनके सभी सहयोगी, दूधेश्वर नाथ पीठाधीश्वर, महंत नारायण गिरी जी उनके साथआए हुए महामंडलेश्वर पीठाधीश्वर महेशचंद्र वशिष्ठ लाल बाबा मंदिर। लोकप्रिय सांसद अतुल गर्गजी, गुरुद्वारा बजरिया के मुख्य ग्रंथि संतसिंह, एसपी सिंह ओबरॉय, हिंदुत्व की लड़ाई लड़ रहे कथा व्यास विष्णु दत्त सरस जनसंख्या नियंत्रण कानून के मुख्य संरक्षक महेश आहूजा, भानु सिसोदिया, अखिल भारतीय योग संस्थान से आए हरिओम सिंह, महेश चंद्र हापुड़ वाले एवं उनकी टीम, वरिष्ठ समाजसेवी वीके अग्रवाल एवं वैश्य सेवा समिति के सभी सदस्य, बालू भाई बालकिशन अग्रवाल संयुक्त व्यापार मंडल की पूरी टीम, अशोक भारतीय सौरभ यादव यादव, प्रेमचंद गुप्ता दुर्गा वाशिंग पाउडर वरिष्ठ समाजसेवी व उनके सभी साथी खत्री समाज के अध्यक्ष अनिल अरोरा नवयुग मार्केट में बहुत शानदार स्वागत किया प्रदीप चौहान की पूरी टीम ने एवं संजीव वाल्मीकि, अंकित जिंदल, अमित बंसल, पवन कुमार हिंदू, सुनील वार्ष्णेय, संजय अग्रवाल सरार्फा एसोसिएशन, चोपला मंदिर संगठन, सभी आर डब्लू ऐ, अग्रसेन बाजार, सिख समाज से आई हुई बड़ी संगत, कपड़ा संगठन, बजरियासंगठन से विपिन मोहन गर्ग, समाज सेवी एवं लोहाँ विक्रेता मंडल के संरक्षक आनंद प्रकाश लोहे वाले, लोकदल से वरिष्ठ नेता अरुण भूल्लन, समाजसेवीका सिमरन रंधावा, ममता गर्ग, जिंदल पब्लिक स्कूल के मालिक वरिष्ठ समाजसेवी राम अवतार जिंदल पूर्व पार्षद मोरटा विनोद त्यागी चिरंजीवी विहार से पार्षद मनोज त्यागी, संजीव मित्तल, राजेश गुप्ता विजयनगर, अशोक गुप्ता आट्टे वाले साहिबाबाद, एडवोकेट तेजवीर त्यागी का रैली में सहयोग मिला।




### वो आये ही हैं इस चुनावी रण में सिर्फ एक दूसरे को हराने के लिये

चुनावी रण में योद्धाओं का एलान होना बाकी हैं और यहां सबसे पहले ताल उन्होनें ठोकी हैं जिनका ग्राफ ही पहले दिन से हाफ और मतगणना के दिन साफ माना जा रहा है। सुनने मे बात केतली वालों को भी बुरी लग सकती हैं और हाथी वाले भी बुरा मान सकते हैं लेकिन वो डॉटा को तो इग्नोर नही कर सकते हैं। बिरादरी वालों ने ही कहा कि ब्लू ब्लू मौसेरे भाई हैं लेकिन क्लू भी दे दिया कि वो फूल या हाथ को हराने नही आये हैं वो तो सिर्फ एक दूसरे को हराने के लिये आये हैं। बता दिया कि पहले नदियापार वाले बौद्व को महावत बनाया जा रहा था फिर उनके नाम पर कट लग गया और नदियापार वाले की जगह लाईनपार वाला आ गया। हाथी वालों ने ही कहा कि केतली के उबाल को लाईनपार का हाथी रोकेगा और जिस कहानी को वो पांच हजार पर ले जाने की सोच रहे हैं वो दो से तीन के सीन पर आ जायेगी। रही बात हमारे एलीफेंट की तो उसे कौन सा मैडल लेना हैं। चुनाव के आते आते तो एलीफेंट हाफ जायेगा और लेट ही जायेगा।

### हमसे कह रहे हैं कि पीट और खुद कर रहे हैं उनके टच फीट

वो झंडे लेकर निकले और नारे भी लगाये लेकिन माईक से जो कुछ उनके कानों ने सुना उस पर बिलीव नही हो रहा था। इस्कान वाले लाला ने कहा कि उनकी दुकानों से कुछ परचेज नही करना है। एक ने कहा कि हाऊस को, प्रापर्टी को उन्हे ही सेल नही करना है। मगर कहने वाले ने कहा कि हमें तो ये खेल ही समझ में नही आ रहा कि हमारा ही फूल क्यों काटने पर आमादा हैं ये लोग। उन्होने बताया कि हमें तो इस बात के लिये उकसा रहे हैं कि कोई मौका आ जाये तो इन्हे पीट मगर हम आपको बता दें कि ये खुद उन्ही के यहां टच फीट करते हैं। उनके यहां पैर छूना मना हैं मगर वो सामने आ जाये तो इस्कान वाले लाला सबसे पहले उनके पैरों की धूल अपने माथे पर ले लेगें।

### किसका है ये काम कौन चला रहा है शहर में भगवा दीदी का नाम

शहर वाले चुनावी रण में सबसे खास बात ये है कि शहर वाले साइलेंट हैं और लाईनपार से लेकर नदियापार तक पूरी ले लो दे लो मच रही है। नदियापार वाले भगवा भाटी ने लाईनपार में आकर तिरंगा फहराया और फिर रिएक्शन भी नदियापार वाले भगवा पहलवान का ही आया। रिजल्ट ये आया कि नदियापार वाले भगवा भाटी की लाईनपार वाले बूथ के प्रभारी पद से ही विदाई हो गई। बताते हैं कि इस छोर से लेकर उस छोर तक पूरा जोर इस बात पर है कि भले ही किसी का भी नाम आ जाये लेकिन बस उसका नाम ना आ जाये। सुना है कि अब भगवा दीदी का भी नाम किसी ने चला दिया है। यहां फूल वालों की भगवा दीदियां ध्यान दें कि इस सीन में लोकल वाली कोई दीदी नही हैं। क्रांसिग वाली भी नही हैं और आधी भाजपा की बुआ आधी भाजपाा की दीदी भी नही हैं। मनोविज्ञान वाली दीदी का नाम किसी ने तो चुनावी मनोविज्ञान के तहत चलाया ही है।

## सात्विक जीवन जीने से ही होती है लम्बी आयु : चौधरी जयन्त सिंह




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा में केंद्रीय मंत्री चौधरी जयन्त सिंह अपने निजी सचिव वीर पाल मलिक की माता की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि माता का 96 वर्ष की आयु में देहांत हुआ है। उन्होंने अपना जीवन सात्विक रुप से जिया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से वीर पाल मलिक, डॉ सनस पाल मलिक, राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय वीर सिंह एडवोकेट, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमर जीत सिंह बिडडी, रालोद क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह चेयरमैन, तेज पाल सिंह, हिमांशु चौधरी पार्षद वार्ड न.40, बबीन चौधरी. सुबोध चौधरी मनीष त्यागी, वी.पी सिंह, रणबीर दहिया, भुपेंद्र कुमार, प्रदीप मुखिया, रविन्द्र चौधरी, अजित सिंह दौला, कुलदीप उज्जवल, राव वारिस खान, अरुण कुमार भुललन, विनय चौधरी आदि रहे।

## बहुजन जागरूकता मिशन के 7वें स्थापना दिवस पर एक दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बहुजन जागरूकता मिशन के 7वें स्थापना दिवस एवं पेरियार ललई सिंह यादव की जयंती के अवसर पर 1 सितंबर को के. एस. मैमोरियल पब्लिक स्कूल, सुभाष नगर, भट्टा रोड, घूकना, गाजियाबाद में एक दिवसीय विचार गोष्ठी एवं कैडर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर बुद्ध वंदना के साथ हुआ और कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों द्वारा सभी महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें। बहुजन जागरूकता मिशन के 7वें स्थापना दिवस के अवसर पर 7 सम्मानित बुजुर्गों को शॉल एवं माला पहनकर सम्मानित किया गया। अंत में बहुजन जागरूकता मिशन के संयोजक सुंदरपाल गौतम ने बताया कि बहुजन जागरूकता मिशन पिछले 7 वर्षों से समाज में शैक्षणिक और सामाजिक कार्य पूरी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। बहुजन जागरूकता मिशन की टीम के सदस्य सुंदर पाल गौतम संयोजक, प्रवेश कुमार कोषाध्यक्ष, संरक्षक मंडल हरवीर बौद्ध, आनंद प्रकाश, सहसंयोजक घनश्याम बौद्ध, रामकिशोर, अच्छेलाल, ब्रजवीर, डॉ अशोक राज विमल और मीडिया प्रभारी जुगनू गौतम ने कार्यक्रम में आए सभी सम्मानित अतिथियों का आभार प्रकट किया और के. एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल के संरक्षक हजारीलाल, प्रबंधक राजेंद्र कुमार और भंवर सिंह ने बहुजन जागरूकता मिशन की टीम को अपनी संस्था और सहयोग देकर हमारा जो मान बढ़ाया है उनका भी हमारी टीम कोटि-कोटि धन्यवाद करती है।

## सांसद राज्य सभा जयन्त चौधरी ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

### खेल सामग्री हेतु 9 लाख 81 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की





गाजियाबाद, करंट क्राइम। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा निर्मित ग्रामीण स्टेडियम पतला में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना 2024-25 के अन्तर्गत माननीय सांसद राज्य सभा जयन्त चौधरी, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा अपनी निधि से अंकन 9 लाख 81 हजार रू० की धनराशि स्वीकृत कर जिला ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के माध्यम से स्टेडियम में प्रतिदिन अभियास करने वाले खिलाडियों के विकास के लिए कुश्ती मैट, कबड्डी मैट, वांलीबाल नैट एवं वांलीबाल गेंद आदि खेल सामग्री स्थानीय खिलाडियों को सौपी गई। इस मौके पर स्थानीय कबड्डी टीम पतला और दिढार का मैच कराया गया जिसमें दिढार की टीम विजेता व पतला की टीम उपविजेता रही। इस मौके पर मा० सांसद राजकुमार सांगवान मा० विधायक मोदीनगर श्रीमती डा० मन्जू सिवाच, चेयर मैन नगर पंचायत पतला श्रीमती रीता चौधरी, महीपाल सिहं, जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, गाजियाबाद, प्रज्ञा श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी, गाजियाबाद, इंजी. आलोक कुमार, श्रीवास्तव, ग्रामीण अभियन्तण विभाग गाजियाबाद, सौरभ कुमार, व्यायाम प्रशिक्षक गाजियाबाद, सर्वेश सिहं, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, भोजपुर देवेन्द्र कुमार, राहुल चौधरी एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति तथा कार्यक्रम में आयोजित कराये गये कबड्डी मैच के निर्णायक राजकुमार, नेहवाल एवं मनवीर चौधरी आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा नोट जारी कर दी गयी।

## वृहद रोजगार मेला के मद्देनजर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक संपन्न

### अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा से करें निर्वहन, वृहद रोजगार मेला को सकुशल करायें सम्मन्न : जिलाधिकारी

- रोजगार एवं स्वरोजगार ऋण प्राप्त करने के लिए क्यूआर कोड से करें पंजीकरणः जिलाधिकारी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में प्रस्तावित वृहद रोजगार मेला के मद्देनजर क्रियान्वयन बैठक आहुत हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने निर्देशित किया कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं असंवेदनशीलता नहीं होनी चाहिए। टेबलेट/स्मार्ट फोन वितरण के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए सभी युवाओं/अभ्यार्थियों को क्रमवार बैठाया जाए सभी कॉलेजों के द्वारा प्रत्येक 20 बच्चों पर एक पंक्ति प्रभारी व सभी पंक्ति प्रभारियों पर एक मुख्य प्रभारी नियुक्त किया जाएं इसके साथ ही प्रत्येक 600 बच्चों पर एक जिला स्तरीय अधिकारी को नोडल नामित किया जाए।

उन्होने सभी संस्थानों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने कॉलेज के प्लेसमेंट सेल के माध्यम से कम्पनियों को रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु आमंत्रित करें साथ ही अपने-अपने कॉलेज अधिक से अधिक बच्चों को रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित करें। जिससे कि रोजगार मेला के माध्यम से उन्हें रोजगार या स्वरोजगार ऋण प्राप्त हो सके। रोजगार मेले में रजिस्ट्रेशन के लिए एक क्यूआर कोड जनरेट किया गया है जिसके माध्यम से अभ्यर्थी सीधे अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

वृहद रोजगार मेला में सभी जिला स्तरीय अधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारी एवं मिले दायित्वों को पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी, कर्त्तव्य निष्ठा, जिम्मेदारी से पालन करेंगे, सभी आपसी समन्वय बनाते हुए वृहद रोजगार मेला को सकुशल सम्मन्न करायेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएम एलए विवेक मिश्रा, डीबीडब्लूओ पीयूष राय, जीएमडीआईसी श्रीनाथ पासवान, डीआईओ योगेन्द्र प्रतापसिंह सहित आमंत्रित सभी कॉलेजों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## स्कूल में टीचर नहीं करेंगे पिटाई, शारीरिक दंड दिया तो होगा एक्शन

**ग्रेटा नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर के परिषदीय विद्यालयों में अब छात्रों को शारीरिक दंड नहीं दिया जाएगा। इस संदर्भ में शिक्षा विभाग ने कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यदि किसी भी शिक्षक द्वारा छात्रों को शारीरिक दंड देने की शिकायत मिलती है तो उस पर गंभीरता से जांच की जाएगी। दोषी पाए जाने पर संबंधित शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**बड़े अफसर करेंगे निगरानी**

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा के निदेर्शानुसार छात्रों के शारीरिक दंड पर पूर्णतः रोक लगा दी गई है। इसके अनुपालन के लिए जिला स्तर पर एक विशेष शिक्षा प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। जिसमें बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) और खंड शिक्षा अधिकारी प्रमुख के रूप में नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा इस प्रकोष्ठ में एसआरजी और एआरपी के सदस्य भी शामिल होंगे जो इस दिशा-निर्देश के पालन की निगरानी करेंगे।




## बाइट की टीआरपी में देहात वाले आगे

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में वैसे तो तीन जोन आते हैं। पर कभी कोई सा जोन किस्से-कहानी में रहता है तो कभी कोई अन्य जोन की कहानी सुनाई देती है। वैसे सूत्र कहते हैं कि कोई जोन टेंशन के लिए अधिक जाना जाता है, तो कोई जोन खास भगवा नेता जी की वजह से पहचान बन चुका है। तो कई इलाके ऐसे हैं कि वहां की नाइट स्टाइल लाइफ उसकी टीआरपी बनती है। इस प्रकार इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बाइट देने के मामले में देहात वाला जोन टीआरपी के लिहाज से बेहद हाई चल रहा है। बीते तीन दिन में ही 15 से ज्यादा पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में देहात जोन के सर्किल की अलग-अलग खुलासे और अपराध की बाइट अधिकारियों द्वारा दी गई है। वहीं बाइट देने के मामले में आईपीएल किंग के इलाके वाले एसीपी साहब इन दिनों टॉप पर चल रहे हैं। उनकी टीआरपी हाई होने की वजह से बीते कई दिनों से वह चर्चाओं में बने हुए हैं। वहीं उनके सर्किल के महिला अपराध से लेकर छेड़छाड़ और दो पक्षों के विवाद से लेकर खुलासे की बाइक बीते दिनों सबसे ज्यादा गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के सोशल मीडिया ग्रुप पर साझा की जा रही है। उनके यहां आजकल मामले थोड़े टाइट चल रहे हैं। तो इसके बाद ट्रांस हिंडन जोन की टीआरपी भी बाइट के मामले में कम नहीं है। एक के बाद एक आ रहे कभी धर्म वाले मामला तो कभी छेड़छाड़ वाले, तो कभी पलायन से लेकर धर्म छुपा ने जैसे मामले बीते कुछ दिनों में वहां टीआरपी में रहे हैं। इसके साथ ही वहां के लोकल स्तर के अधिकारियों की भी मीडिया ब्रीफ जमकर हुई है। उधर सिटी का मामला भी बहुत ज्यादा पीछे नहीं है। यहां के मुख्य साहब से लेकर उनके अधीनस्थों की बाइट भी एक के बाद एक सनसनीखेज मामले में जारी की गई है। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में चर्चा है कि सिटी वाले एक एसीपी के जाने के बाद अब खुफिया वाले भी यहां से रवाना होने का आदेश आ चुके हैं। इसके साथ ही बाहर से आने वाली मैडम आईपीएस का अभी वेट हो रहा है। कुल मिलाकर देखा जाए तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बीते कुछ दिनों के दौरान बाइट देने की टीआरपी के मामले में देहात वाले जोन के एसीपी स्तर के अधिकारी टॉप पर चल रहे हैं और उसमें भी आईपीएल किंग के इलाके वाले साहब की टीआरपी बेहद हाई देखी गई है।




## स्वास्थ्य विभाग में हुआ बड़ा घोटाला, आरटीआई में हुआ खुलासा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग में एक बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। समाजसेवी आर्यन खारी द्वारा दायर किए गए एक आरटीआई (सूचना का अधिकार) आवेदन में यह जानकारी सामने आई है कि प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग ने पिछले दो साल में एंटी लार्वा स्प्रे और फॉगिंग के लिए कितना खर्च किया। इसका कोई सटीक ब्यौरा उपलब्ध नहीं कराया। वास्तविक आंकड़ा प्राप्त नहीं आरटीआई के तहत पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए स्वास्थ्य विभाग ने यह कहा कि उनके पास इस खर्च का कोई विवरण नहीं है। विभाग ने बताया कि कीटनाशक दवाओं की आपूर्ति जैमपेटल से की जाती है और मानव संसाधन आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से लिए जाते हैं।

## भाजपा ने शुरू की सदस्यता अभियान 2024 की शुरुआत

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया अभियान का शुभारंभ





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को सदस्यता अभियान 2024 की शुरूआत की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अभियान का शुभारंभ किया। अभियान के तहत सबसे पहले खुद प्रधानमंत्री मोदी पार्टी के सदस्य बनें, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन्हें आज शाम पार्टी की सदस्यता 8800002024 पर मिस्ड कॉल के माध्यम से दिलाई। इस अभियान के तहत पूरे देश में कोई भी इच्छुक व्यक्ति इस टोल फ्री नम्बर पर मिस्ड कॉल, नमो ऐप, वेबसाइट और क्यूरआर कोड स्कैन करके पार्टी का सदस्य बन सकता है। गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के द्वारा भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते हुए उनके नेतृत्व में महानगर में बृहत स्तर पर सदस्यता अभियान सभी मंडलों सेक्टर और बूथों पर चलाया गया। उन्होंने बताया पार्टी का सदस्य बनने के लिए घर बैठे कोई भी ऑनलाइन मोड से सदस्य बन सकता है। पूरे देश में भाजपा के 18 करोड़ सदस्य हैं, जो आज सोमवार को शून्य पर आ गए और फिर नए सिरे से लोगों को सदस्य बनाने का काम शुरू हो गया है। जिसमें हमने गाजियाबाद का लक्ष्य 5 लाख सदस्य बनाने का रखा है। गजियाबाद में सभी प्रमुख व्यक्ति, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी अलग स्थान पर सदस्यता अभियान को गति देने पहुंचे। इसी कड़ी में गाजियाबाद के पूर्व महापौर आशू वर्मा, पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री अशोक मोंगा, विधायक अजीत पाल त्यागी, समाजसेवी भूपेंद्र चोपड़ा, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, पार्षद प्रवीण चौधरी, पार्षद राजेन्द्र तितौरिया, सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष वीरेंद्र सारस्वत, मंडल अध्यक्ष ओम दत्त कौशिक, मंडल उपाध्यक्ष सिमरन रंधावा, मनोज गिरी, ओमप्रकाश भोला, संदीप बाटला, आई टी से निखिल कुमार आदि ने राजनगर मंडल के सदस्यता अभियान के कार्य को गति दी और भाजपा के भर्ती अभियान की पहली पर्ची के साक्षी बने।

## पति-पत्नी और बेटी ने किया सुसाइड

# बेटी की पढ़ाई के लिए लिया था लोन, एजेंट घर आकर दे रहे थे धमकी



**हापुड़, करंट क्राइम।** थाना कपूरपुर क्षेत्र के गांव सपनावत में पति-पत्नी ने अपनी 18 साल की बेटी समेत जहर खाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड का कारण बैंक लोन से तंग आकर बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच पड़ताल में जुटी है।

**निजी बैंक के पांच एजेंट वसूली करने आए**

गांव सपनावत में संजीव राणा अपनी पत्नी प्रेमवती, बेटी पायल, बेटे रिंकू और पिंटू के साथ रहता थे। उन्होंने निजी बैंक से कुछ समय पहले लोन लिया था। आरोप है कि लोन स्वीकृत होने के समय पीड़ित को जो रुपये देने बताए गए थे वह उसने नहीं दिए। 31 अगस्त को बैंक के करीब पांच एजेंट संजीव राणा के घर पहुंचे। वह अपनी पत्नी और बेटी के घर पर मौजूद थे। बैंक एजेंटों ने संजीव पर किश्त जमा करने का दबाव बनाया। इस पर संजीव ने कुछ दिन में किश्त जमा करने का आश्वासन दिया, लेकिन सिर पर कर्ज और बैंक कर्मचारियों के बर्ताव से संजीव राणा काफी आहत हो गए। इसी तनाव में उन्होंने 31 अगस्त की देर रात को पत्नी प्रेमवती और बेटी पायल के साथ जहर खा लिया।

**घर पर बेटे नहीं थे मौजूद**

जिस वक्त दंपति और उसकी बेटी ने जहर खाया उस वक्त रिंकू और उसका पिंटू घर पर नहीं थे। अगर वह भी घर पर होते तो शायद उनकी भी जान जा सकती थी या दोनों बेटे माता-पिता और बहन को बचा लेते। जहर खाने की सूचना पर ग्रामीणों ने उन्हें जिला मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान संजीव राणा ने रविवार दोपहर को दम तोड़ दिया। रात में प्रेमवती और बेटी पायल की मौत हो गई। एक साथ परिवार के तीन लोगों के बाद परिजन ही नहीं बल्कि, ग्रामीणों में भी मातम छा गया है।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...



# गाजा में बंधकों की निर्मम हत्या से गुस्से में इस्राइल

## बंधकों की हत्या करने वालों को हम खोजकर लाएंगे और एक-एक का हिसाब लेंगे - नेतन्याहू

**यरुशलम।** इस्राइल और हमास के बीच 7 अक्तूबर, 2023 को शुरू हुआ युद्ध अभी भी जारी है। पिछले कुछ दिनों से गाजा में कुछ ऐसा घटा जिससे संघर्ष तेज होने की आशंका को जन्म दे दिया है। रविवार को इस्राइली सेना ने गाजा में छह बंधकों के शव बरामद किए जिनकी बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। मारे गए बंधकों में एक अमेरिकी नागरिक भी शामिल था। करीब 250 लोग इस्राइल में अक्तूबर 2023 में हुए हमले के दौरान बंधक बना लिए गए थे।

बंधकों के कत्ल से पूरे इस्राइल में गुस्सा है। रविवार रात राजधानी तेल अवीव समेत कई शहरों में बंधकों की तुरंत रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से गाजा समझौते को जल्द पूरा करने की भी मांग की। इसके अलावा लेबर यूनियनों ने सोमवार को बंद का भी आव्हान किया है।

पहले जानते हैं अक्तूबर 2023 में आखिर इस्राइल में क्या घटा था?

हमास ने 7 अक्तूबर, 2023 को इस्राइल की अभेद्य मानी जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था को तोड़ते हुए इसके इलाकों में हमला किया था। इस हमले में करीब 1200 इस्राइलियों की मौत हो गई थी और 5000 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इस दौरान हमास लड़ाके करीब 250 लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले गए थे।



इन बंधकों में से कई लोगों को छुड़ा लिया गया है जबकि 101 लोग अभी भी गाजा में बंधक हैं। वहीं इस्राइल के जवाबी हमलों में दावे के अनुसार 40,000 से ज्यादा फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, गाजा के 24 लाख लोगों में से 20 लाख से ज्यादा को अपने घरों से विस्थापित हो गए हैं, उनमें आधे बच्चे शामिल हैं।

7 अक्तूबर, 2023 के हमले के बाद इस्राइल ने हमास को जड़ से मिटाने का संकल्प लिया था। इसके लिए इस्राइली सेना ने गाजा में हवाई और जमीनी हमले किए। इस तरह से हमास और इस्राइल के बीच बीते करीब 11 महीने से खूनी जंग जारी है। हालांकि, कई देशों के प्रयास से दोनों पक्षों में युद्धविराम को लेकर बात भी हुई है, लेकिन अभी तक अंतिम फैसला नहीं हुआ है।

आईडीएफ ने रविवार सुबह बताया कि छह बंधकों के शव गाजा पट्टी में मिले। इस्राइली सेना ने गाजा के राफा शहर के नीचे बनी एक सुरंग से बंधकों के शव बरामद किये। मृतकों की पहचान हर्श गोल्डबर्ग-पोलिन, एडेन येरुशालमी, कार्मेल गाट, अल्मोग सारूसी, अलेक्जेंडर लोबानोव और ओरी डैनिनो के रूप में हुई।

बाद में सामने आई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला कि बंधकों के शव मिलने से लगभग 48-72 घंटे पहले उनके सिर में काफी करीब से गोली मारी गई थी। आईडीएफ के राफा में पहुंचने से कुछ समय पहले ही हमास ने उनकी हत्या कर दी थी। ये शव उस स्थान से केवल एक किलोमीटर दूर मिले जहां पिछले सप्ताह राहत निवासी 52 वर्षीय कैद फरहान अल-अलकादी का शव मिला था।

## गाजा से बरामद बंधकों का हुआ अंतिम संस्कार

### परिजन के छलके आंसू, बोले- युद्ध की बहुत बड़ी कीमत चुकाई

**यरुशलम।** इस्राइल और हमास के बीच जारी जंग का एक साल होने वाला है, लेकिन हर बीतते दिन के साथ यह जंग शांत होने के बजाय बढ़ती ही जा रही है। इस बीच, गाजा के शहर राफा की एक टनल से बरामद किए गए मृतक बंधकों का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के मौके पर इन बंधकों के परिजनों ने नेतन्याहू सरकार के प्रति निराशा जताई। साथ ही परिजनों का कहना था कि हमने इस युद्ध की सबसे खराब कीमत चुकाई है।



AFP

रविवार को इन छह लोगों का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान उनके परिजन रोते हुए नजर आए। मध्य इस्राइल के रानाना शहर में बंधक बनाए गए अलमोग सरुसी की मां ने दुख जताया। इस मौके पर वे कह रही थीं कि हमने कितनी प्रार्थना की कि हमें तुम्हें फिर से देखने का और तुम्हें गले लगाने का मौका मिलेगा... लेकिन हमास को नष्ट करने के लिए आपका बलिदान दिया गया। इस दौरान उन्होंने सरकार पर सात अक्तूबर को बंधक बनाए गए लोगों की उपेक्षा करने का भी आरोप लगाया।

वहीं, एक अन्य फ्रांसीसी-इस्राइली बंधक ओफर काल्डेरन के चचेरे भाई ईयाल काल्डेरन ने कहा कि हम नहीं जानते कि अगला परिवार कौन होगा जिसके पास मरने वाले की खबर आएगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में बाकी बचे बंधकों में से कोई भी हो सकता है।

### कल बरामद हुए थे शव

इस्राइली सेना ने बताया था कि बंधकों के शव गाजा के शहर राफा में एक टनल से बरामद किए गए हैं। मृतकों की पहचान एडेन यरुशलमी (24), कार्मेल गाट (39), अलमोग सरुसी (26), एलेक्स लुबनोव (32) और ओरी डानिनो (25) शामिल हैं। छह बंधकों के शव मिलने पर इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि 'जिसने भी बंधकों की हत्या की है, वह नहीं चाहता कि कोई समझौता हो।'

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने की पुष्टि

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी पुष्टि की है कि इस्राइली सेना को मिले शवों में एक अमेरिकी नागरिक हेरश गोल्डबर्ग पोलिन का शव भी शामिल है। बाइडन ने एक बयान में कहा कि 'आज राफा की सुरंग में छह बंधकों के शव मिले हैं। हम इसकी पुष्टि करते हैं कि एक शव अमेरिकी नागरिक हेरश गोल्डबर्ग पोलिन का है।' 23 साल के गोल्डबर्ग पोलिन को बीते साल 7 अक्तूबर को हुए हमले के दौरान बंधक बनाया गया था।

## बंधकों की हत्या पर बाइडन बोले- हमास को चुकानी होगी इसकी कीमत, वैश्विक नेताओं ने जताया दुख

**यरुशलम।** गाजा में छह इस्राइली बंधकों की हत्या पर न सिर्फ इस्राइल के लोगों में गुस्सा है, बल्कि वैश्विक स्तर पर इसकी निंदा की जा रही है। कई वैश्विक नेताओं ने बंधकों की नृशंस हत्या पर दुख जताया है। साथ ही उन्होंने बंधकों की शीघ्र रिहाई और युद्धविराम समझौते पर सभी पक्षों से सहमति बनाने की अपील भी की है।

वैश्विक नेताओं के ये बयान तब आए हैं जब एक दिन पहले रविवार को गाजा के राफा में एक सुरंग से 7 अक्टूबर को हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों में से छह के शव बरामद किए गए थे।



इन लोगों की हत्या को लेकर ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि यह जानना विनाशकारी है कि हमास द्वारा छह इस्राइली बंधकों को मार दिया गया, आस्ट्रेलिया के लोग सभी के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि हर निर्दोष जीवन मायने रखता है। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गाजा में हमास द्वारा बंधकों की हत्या को पर आक्रोश जताया। साथ ही उन्होंने तत्काल युद्धविराम और सभी बंधकों को रिहा करने का आह्वान किया।

वहीं, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा कि हमास द्वारा गाजा में छह बंधकों की भयावह और संवेदनहीन हत्या से मैं पूरी तरह स्तब्ध हूं। इस भयानक समय में मेरी संवेदनाएं उनके प्रियजनों के साथ हैं। हमास को अब सभी बंधकों को रिहा करना होगा, और सभी पक्षों को तुरंत युद्धविराम समझौते पर सहमत होना चाहिए।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी इन हत्याओं पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि वह इससे निराश और क्रोधित हैं। उन्होंने कहा कि हम इसकी पुष्टि करते हैं कि एक शव अमेरिकी नागरिक हेरश गोल्डबर्ग पोलिन का है। वह उन निर्दोष लोगों में से एक थे, जिन पर पर सात अक्तूबर को इस्राइल में शांति के लिए एक संगीत समारोह में भाग लेने के दौरान बेरहमी से हमला किया गया था। उसने हमास के क्रूर नरसंहार के दौरान दोस्तों और अजनबियों की मदद करते हुए अपना हाथ खो दिया था।

बाइडन ने कहा कि मैंने हेरश को सुरक्षित उनके पास लाने के लिए अथक प्रयास किया है और उनकी मौत की खबर से दुखी हूं। हमास नेताओं को इन अपराधों के लिए भुगतान करना होगा। हम शेष बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए समझौते के लिए चौबीसों घंटे काम करते रहेंगे।

वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने जोर देकर कहा कि बंधकों की हत्या हमास की दुष्टता की पुष्टि करती है। उन्होंने सभी बंधकों की तत्काल रिहाई का आह्वान किया। आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने बंधकों की हत्या के बारे में बताया कि सैनिकों के पहुंचने से कुछ समय पहले हमास ने छह पीड़ितों की क्रूरतापूर्वक हत्या कर दी गई।

### सुरंग से बरामद हुए थे छह शव

इस्राइली सुरक्षा बलों ने गाजा से छह बंधकों के शव बरामद किए थे। जिन बंधकों के शव बरामद हुए हैं, उनमें एक अमेरिकी नागरिक हेरश गोल्डबर्ग पोलिन भी शामिल है। इस्राइली सेना ने बताया कि बंधकों के शव गाजा के शहर राफा में एक टनल से बरामद किए गए हैं। मृतकों की पहचान एडेन यरुशलमी (24), कार्मेल गाट (39), अलमोग सरुसी (26), एलेक्स लुबनोव (32) और ओरी डानिनो (25) शामिल हैं। इन लोगों के बारे में इस्राइल के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी थी। मंत्रालय ने बताया कि बंधकों के शरीर पर कई गोलियों के घाव पाए गए। बंधकों की हत्या उनके शव परीक्षण से 48 से 72 घंटे पहले यानी गुरुवार से शुक्रवार सुबह के बीच की गई थी।

### पिछले साल से जारी है संघर्ष

पिछले साल सात अक्तूबर के बाद पहली बार इस्राइल के सबसे बड़े ट्रेड यूनियन फेडरेशन हिस्टाड्रट ने सरकार पर युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर करने को लेकर दबाव डालने के लिए आम हड़ताल का आह्वान किया। इस्राइली सेना द्वारा गाजा पर किए गए हमले में 40 हजार से ज्यादा लोगों की मौत चुकी है, जबकि 94 हजार से अधिक लोग घायल हैं। पिछले साल सात अक्तूबर को हमास ने इस्राइल पर हमला किया था, जिसमें 1,139 इस्राइली लोगों की मौत हो गई थी। इस दौरान हमास ने 250 लोगों को बंधक बनाकर अपने साथ ले गए।

### क्या है युद्धविराम का प्रस्तावित समझौता?

छह बंधकों की मौत ऐसे समय में की गई है, जब अमेरिका 31 मई के समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहा है। इस समझौते के तहत 18-33 के फामूर्ले से बंधकों को छह सप्ताह में रिहा किया जाना था। इसके बदले में युद्ध में शांति और इस्राइल द्वारा फलस्तीनी कैदियों और आतंकवादियों को रिहा किया जाना था।



## जयशंकर की चेतावनी पर भड़का पाकिस्तान

### कश्मीर को बताया अंतरराष्ट्रीय विवादित मुद्दा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने कहा कि कश्मीर विवाद एक अंतरराष्ट्रीय मुद्दा है जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के मुताबिक हल किया जाना चाहिए। विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की जम्मू-कश्मीर पर हालिया टिप्पणियों का जवाब देते हुए यह टिप्पणी कीजयशंकर ने शुक्रवार को कहा था पाकिस्तान के साथ निर्बाध बातचीत का युग समाप्त हो गया है। कार्रवाई के परिणाम होते हैं और जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, मुझे लगता है कि अनुच्छेद 370 खत्म हो चुका है।

जयशंकर ने ये भी कहा था कि आज मुद्दा यह है कि हम पाकिस्तान के साथ किस तरह के रिश्तों पर विचार कर सकते हैं। चाहे घटनाएं सकारात्मक या नकारात्मक, हम किसी भी तरह से प्रतिक्रिया देंगे।

**जयशंकर ने कहा था पाकिस्तान के साथ निर्बाध बातचीत का युग समाप्त**

इसके बाद रविवार को पाकिस्तान विदेश कार्यालय के प्रवक्ता बलूच ने कहा, जम्मू और कश्मीर विवाद एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त विवाद है, जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की इच्छाओं के अनुसार हल किया जाना चाहिए। इस अनसुलझे संघर्ष का समाधान दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है।

बलूच ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर का हल एक तरफा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान कूटनीति और बातचीत के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन वह किसी भी शत्रुतापूर्ण कार्रवाई का संकल्प के साथ जवाब देगा।

### जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है

भारत ने पाकिस्तान से कई बार इस बात को दोहराया है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। 5 अगस्त, 2019 को भारत द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू और कश्मीर की विशेष स्थिति को रद्द करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद दोनों देशों के बीच संबंध खराब हो गए। भारत ने इस बात को दोहराता रहा है कि वह पाकिस्तान के साथ आतंक, शत्रुता और हिंसा मुक्त वातावरण में सामान्य पड़ोसी संबंधों की इच्छा रखता है।

## पुतिन ने किम जोंग-उन को तोहफे में दिए 24 विशेष नस्ल के घोड़े, यूक्रेन युद्ध से है ये संबंध

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन को 24 विशेष नस्ल के घोड़े तोहफे में दिए हैं। ये तोहफे यूक्रेन युद्ध में इस्तेमाल किए गए तोपखाने के गोलों के बदले में दिया गए हैं। इनमें से 19 ओर्लोव ट्रॉटर नस्ल के 19 और घोड़े और 5 घोड़िया शामिल हैं, जिन्हें किम जोंग की पसंदीदा नस्ल मानी जाती है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।



रिपोर्ट के मुताबिक, दो साल पहले उत्तर कोरिया को इसी नस्ल के 30 घोड़े दिए गए थे। जिसमें से एक सफेद घोड़े की सवारी करते नजर आए थे। उनका ये प्रोपेगैंडा वीडियो हाल ही में काफी वायरल हुआ था। इस वीडियो में बर्फबारी के बीच माउंट पेक्टू पर घोड़े की सवारी करते किम जोंग उन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थीं।

किम जोंग जिन घोड़ों पर सवार हुए थे, उन्हें उत्तर कोरिया की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक भी माना जाता है। दरअसल, 195-53 के कोरियाई युद्ध के बाद देश ने आर्थिक सुधारों के लिए पौराणिक चेलिमा घोड़े के नाम पर एक अभियान चलाया। यह घोड़ा उत्तर कोरियाई संस्कृति में विशेष महत्व रखता है और इसी नाम का एक रॉकेट बूस्टर भी प्योंगयांग के पास है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, सफेद घोड़े की सवारी करके किम जोंग उन ने एक ताकतवर और भाग्यशाली नेता की छवि पेश करने की कोशिश की। ताकि वह अपने लोगों को में भरोसे और समर्थन को बढ़ा सकें।

## 'तीस्ता जल बंटवारा संधि' पर भारत के साथ फिर से बातचीत पर फोकस की तैयारी, अंतरिम सरकार का बयान

**ढाका।** बांग्लादेश की आंतरिक सरकार भारत के साथ संबंधों को और सुधारने के लिए कदम उठा रही है। अब उसने फैसला लिया है कि वह तीस्ता जल बंटवारा संधि पर एक बार फिर पड़ोसी देश के साथ बातचीत शुरू करेगी। यहां की जल संसाधन सलाहकार सैयदा रिजवाना हसन ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार भारत के साथ वार्ता फिर से शुरू करना चाहती है और नदी के ऊपरी और निचले तटवर्ती देशों को जल बंटवारे के अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों का पालन करना चाहिए।



### बातचीत के जरिए करेंगे समाधान

हसन ने विश्वास जताया कि भारत के साथ तीस्ता संधि और अन्य जल बंटवारा समझौतों को बातचीत के जरिए सुलझा लिया जाएगा, लेकिन साथ ही उन्होंने यह सलाह भी दी कि अगर कोई समझौता नहीं हो पाता है तो बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय कानूनी दस्तावेजों और सिद्धांतों पर विचार कर सकता है।

**'हमें गंगा संधि पर भी काम करना' :** उन्होंने रविवार को दिए इंटरव्यू में कहा, 'मैंने बांग्लादेश में सभी संबंधित पक्षों के साथ तीस्ता जल बंटवारे के मुद्दे पर चर्चा की है। हमने बात की है कि हमें तीस्ता संधि के संबंध में प्रक्रिया और बातचीत को फिर से शुरू करने की आवश्यकता है। हमें गंगा संधि पर भी काम करना है जो दो साल में खत्म होने वाली है।' जल संसाधन सलाहकार ने आगे कहा, 'दोनों पक्ष सहमत हो गए और तीस्ता जल बंटवारा समझौते का मसौदा तैयार किया गया, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के विरोध के कारण समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए। तथ्य यह है कि हम समझौते को अंतिम रूप नहीं दे पाए हैं।

### यह है मामला

गौरतलब है, भारत और बांग्लादेश साल 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की ढाका यात्रा के दौरान तीस्ता जल बंटवारे पर एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार थे, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने राज्य में पानी की कमी का हवाला देते हुए इसका समर्थन करने से इनकार कर दिया था।

## शोध: पृथ्वी के केंद्र में पहली बार छल्लेदार आकृति!

### ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिक बोले- भूमध्य रेखा के समानांतर है जगह





**सिडनी।** भूकंपीय तरंगों के विश्लेषण से ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों को चौंकाने वाले परिणाम मिले हैं। शोध में पता चला है कि पृथ्वी के बाहरी कोर पर छल्लेदार आकृति स्थित है। वैज्ञानिकों के मुताबिक रहस्यों से भरी पृथ्वी के केंद्र में पहली बार छल्लेदार आकार वाले क्षेत्र की आकृति देखी गई है। यह क्षेत्र पृथ्वी के तरल कोर के भीतर है, जो हमारे ग्रह की चुंबकीय क्षेत्र की गतिशीलता के बारे में नए रहस्य उजागर करता है।

ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी (एएनयू) के वैज्ञानिकों ने इसे डोनट यानी गोल आकार का बताया है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, पृथ्वी के तरल कोर के भीतर की संरचना केवल कम अक्षांशों पर पाई जाती है और यह भूमध्य रेखा के समानांतर बैठती है।

साइंस एडवांसेज में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, पृथ्वी की दो कोर परतें हैं। आतंरिक कोर जो एक ठोस परत है और बाहरी कोर जो एक तरल है। पृथ्वी के कोर के चारों ओर मेंटल है। नई खोज में छल्लेदार आकार का क्षेत्र पृथ्वी के बाहरी कोर के शीर्ष पर है, जहां तरल कोर मेंटल से मिलता है। इस खोज को करने वाले शोध दल ने बड़े भूकंपों से पैदा होने वाली तरंगों का विश्लेषण किया।

### भूमध्य रेखा के समानांतर केंद्रित है छल्लेदार क्षेत्र

वैज्ञानिकों के मुताबिक, तरंगों की गति धीमी होने से इसके बाहरी कोर के भीतर भूमध्य रेखा के समानांतर केंद्रित छल्लेदार आकार के क्षेत्र का पता चला। वैज्ञानिकों ने तुरंत भूकंप का अवलोकन करने की जगह झटकों के कई घंटों बाद तरंगों के बीच समानता का विश्लेषण किया। अध्ययन के सह लेखक डॉ. शियाओलोंग मा ने कहा कि यह खोज पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र की गतिशीलता के कुछ रहस्यों को उजागर करती है।

### ऐसे की गई खोज

एनयू के भूभौतिकीविद प्रोफेसर ह्वोजे टकालसिक ने बताया कि ये तरंगे पृथ्वी के भीतर से होकर गुजरती है, इससे वैज्ञानिकों को इसकी आंतरिक संरचना की जानकारी मिलती है। टकालसिक ने बताया कि शोधकताओं ने इस बात पर ध्यान केंद्रित किया कि तरल कोर के बाहरी हिस्से और मेंटल के बीच से गुजरती भूकंपीय तरंगें कैसे धीमी हो रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि उन तरंगों के रास्ते और यहां से गुजरने के उनके समय को देखकर हमने पृथ्वी के बाहरी कोर के माध्यम से तरंकों की यात्रा को फिर बनाया।





# जनता दर्शन के अंतर्गत मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सुनी क्षेत्रीय लोगों की परेशानी

## कहा अधिकारी जनता की सुनें बात और करें उचित कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सोमवार को अपने सेक्टर-23 स्थित आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में गाजियाबाद और आसपास के क्षेत्रीय लोगों ने उनसे मुलाकात की, साथ ही अपनी परेशानियां बताईं।

इस दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को फोन लगाया और कहा कि अधिकारी जनता की सुनवाई करें। उन्हें परेशान ना करें, किसी भी तरह की समस्या होने पर उन्होंने लोगों को दोबारा मिलने आने के लिए भी कहा है। इसके साथ ही मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अधिकारियों से जनसुनवाई पर पूरा फोकस करते हुए लोगों को भरोसा दिलाया कि वह हर घड़ी उनके साथ हैं।



### जनता दर्शन में सदस्यता अभियान की जानकारी दी


**करंट क्राइम।** जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने उनके आवास पर आए लोगों से कहा कि वह भाजपा की अधिक से अधिक संख्या में सदस्यता लें। भारतीय जनता पार्टी जिस सोच और विश्वास के साथ जनता के लिए काम कर रही है, ऐसा उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में नहीं देखा है। उन्होंने लोगों से यह भी कहा कि पार्टी से जुड़ने के लिए वह मिस्ड कॉल या बूथों पर भी संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही जनता दर्शन में आए लोगों को उन्होंने न्याय दिलाने के लिए कई विभाग के अधिकारियों को व्यक्तिगत फोन भी किया।

### नरेंद्र कश्यप ने कहा जनता को भाजपा नेताओं पर है पूरा भरोसा

**करंट क्राइम।** मंत्री नरेंद्र कश्यप के आवास पर सोमवार को जो जनता दर्शन कार्यक्रम था, उसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग पहुंचे थे। भीड़ को देखकर उन्होंने एक बात कही है कि स्थानीय लोगों के लिए वह ठीक प्रकार से सुनवाई करते हैं, इसीलिए उनके यहां बड़ी संख्या में लोग उनसे मुलाकात करने आते हैं।

# संचारी रोगों की रोकथाम के लिए एंटी लारवा का छिड़काव तथा फॉगिंग अनिवार्य : नगर आयुक्त

## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग को दिए निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत संचारी रोगों की रोकथाम के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित रूप से सभी जोन के वार्डों की आंतरिक गलियों में फॉगिंग का कार्य कराया जा रहा है जिसमें माननीय पार्षदों से भी उनके क्षेत्र में फॉगिंग के कार्यों की संस्तुति कराई जा रही है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश तथा अन्य पांचों जोन की स्वास्थ्य की टीम द्वारा रोस्टर के क्रम में साफ सफाई का कार्य फॉगिंग का कार्य एंटी लारवा छिड़काव का कार्य कराया जा रहा है जिसमें जन सहयोग से संचारी रोगों की रोकथाम हेतु जागरूक अभियान भी चलाया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की निर्देश अनुसार स्वास्थ्य प्रहरियों द्वारा संचारी रोगों की रोकथाम के लिए आवश्यकतानुसार कई वार्डों में विशाल अभियान के रूप में सफाई के कार्य भी कराई जा रहे हैं। बड़ी मशीनों तथा छोटी मशीनों के द्वारा फॉगिंग का कार्य कराया जा रहा है। नगर आयुक्त द्वारा सभी सफाई मित्रों को अपना विशेष ध्यान रखते हुए तथा पूरी बाजू के कपड़े पहनकर ग्लव्स मास्क इत्यादि के साथ एंटी लारवा छिड़काव का कार्य करने के लिए कहा गया है।

### घरों में गमले, टायर, कूलर आदि को नियमित रूप से साफ रखने की अपील

**करंट क्राइम।** शहरवासियों से भी गाजियाबाद नगर निगम द्वारा स्वच्छता की अपील की जा रही है जिसमें स्वयं नगर आयुक्त द्वारा भी शहरवासियों को अपने-अपने घरों के आसपास सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा अपने घरों में गमले, टायर, कूलर ऐसे स्थान जहां पर पानी जमा हो जाता है जमा न होने देने के लिए अपील की गई है। संचारी रोगों की रोकथाम के लिए अपने आसपास फॉगिंग अवश्य करने के लिए कहा गया है।

### क्षेत्र में फॉगिंग कराने के लिए फोन नंबर किए गए जारी

- सिटी जोन 8178016838
- मोहन नगर 8299152143
- कवि नगर 8178016921
- विजयनगर 8178016930
- वसुंधरा 8178016837

उपरोक्त फोन नं. पर संपर्क कर अपने क्षेत्र में फॉगिंग का कार्य कराया जा सकता है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको एक बात चाहता हूं बताना? त्याग की बड़ी भावना रखते हैं क्रान्तिकारी क्षेत्र के मिस्टर कसाना? आप देखोगे अगर उनका प्रचार? तो अपने नाम के आगे से उन्होंने प्रमुख और जिला पंचायत के पूर्व पदों का हटा दिया है किरदार? बस नाम के आगे वो खुद को बता रहे हैं भाजपाई? खुद के नेता होने का भी जिक्र नहीं कर रहे, बड़ी गजब की तस्वीर हमें दे रही है दिखाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मिस्टर जायसवाल की तमन्ना थी, होने वाली लीला के प्रोग्राम में साहब का भी दिखाई दे फेस? सुना है कार्यक्रम में शामिल होने का बहुत ही शिद्दत से भेजा था उन्होंने संदेश? मगर नहीं हुए साहब के उनके कार्यक्रम में दीदार? परिवार के किसी अन्य सदस्य ने भी नहीं बनाया आने का विचार? हम बैठे थे गाजियाबाद के कई जनप्रतिनिधियों के बीच? वहीं पर चल रही थी इसी तरह की चर्चा यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भी पड़ती है हमारी भाज्युमो के पूर्व ज़िला अध्यक्ष डीडी यादव पर नजर ? तब उन्हें देखकर लगता है कि पार्टी कब करेगी उनकी फि कर ? इस चेहरा का सक्रिय कार्यकताओं में गिना जाता है नाम ? सौ प्रतिशत पूरा करते है पार्टी से मिला हुआ आयाम ? मगर फिर भी लंबे समय से ये हो रहे है इग्नोर ? क्या वेस्टर्न कार्यालय पर डेरा डालने से ही पकड़ेगा इनका नाम जोर ? जिन्हें करना चाहिए मजबूत, वो चेहरे फि लहाल किए जा रहे है कमजोर ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमे एक बात समझ नहीं आती है यार ? पार्टी कार्यालय पर अब संगठन की टीम के बहुत ही कम चेहरों के होते है दीदार ? अब गौर करो तो कार्यालय पर मिस्टर अग्रवाल, पप्पू भैया के साथ बाक ी महामंत्री आते है नजर ? अधिकतर उपाध्यक्ष और मंत्रियों ने बनाई हुई है एक रहस्यमय दूरी ? ये कोई सोची समझी रणनीति है ? या नजर नहीं आने के पीछे है कोई बहुत बड़ी मजबूरी ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उपाध्याय जी को समझना होगा गाज़ियाबाद की राजनीति का गणित ? अगर वो ऐसा नहीं करेंगे तो उनकी दावेदारी के अरमान नहीं होंगे फलित ? ताकतवर गर्ग साहब से लेकर विधायकों और मंत्रिओं से जब तक नहीं करेंगे वो मुलाकात ? हमे पता है तब तक पूरा नहीं हो पाएगा उनका ख़्वाब ? शायद उपाध्याय जी है इस बात से अंजान ? जब उठा लेते है ये सब मिलकर कोई शपथ ? तो बिगाड़ देते है जनरली बड़े बड़े चेहरों के काम ? अभी तो शुरूआत की है उपाध्याय जी ने, अभी तो झेलने है उन्हें बड़े बड़े तूफान ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कोई बने ना बने इस बार भगवा मित्तल का आएगा नामित वाली लिस्ट में नाम ? मगर इतना तय है कि ये नहीं है एक पूर्व पार्षद का नाम ? सुना है इनकी फील्डिंग बड़े जनप्रतिनिधि के यहाँ से चड़ी है परवान ? दो दोस्तों के यहाँ पर भी मजबूत है मिस्टर मित्तल का नाम ? मिस्टर मित्तल अपनी इस मुहिम की नहीं लगने दें रहे है किसी को भी भनक ? सरप्राइज देकर उड़ाना चाहते है इस बार ये कई चेहरों की चमक ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा साँवरिया ने बदल लिया है अब भगवा गढ़ की राजनीति में अपना किरदार ? उन्होंने हिंदुत्व फेस के रूप में लिया है नया अवतार ? कहने वाले ने कहा कि घंटाघर से जो निकली हिंदुत्व का संदेश देने वाली यात्रा ? उसमें हर तरह सहयोग देने की डाली थी उन्होंने काफी ज्यादा मात्रा ? कहने वाले ने कहा जिधर देना था उधर इस आयोजन से दे दिया उन्होंने बड़ा संदेश ? टिकट की दावेदारी के लिए बना लिया उन्होंने अपने नाम का भी स्पेस ? देखते है कब तक जारी रहेगा उनका ये अवतार ? जो भी उन्होंने गड़ दिया है ट्रैक से हटकर अपना मजबूत किरदार ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि विधानसभा उपचुनाव को लेकर लगातार जिस तरह से मजबूत नजर आ रहा है पंजाबी समाज का दाव ? हम बताना चाहते है इस अलख को जगाने में निभाया है आरएलडी नेता इंद्रजीत सिंह टीटू ने बड़ा किरदार ? वो हर चुनाव से पहले समाज की भागीदारी को लेकर लाते रहे अपने विचार ? पाँच लाख के सहयोग की घोषणा के पीछे भी है उनका बहुत बड़ा पंच ? वो तो चाहते है बस कैसे ही जनप्रतिंधि के तौर पर सिख समाज को भी मिले मजबूत मंच ? टिकट अब समाज के किसी भी चेहरे को मिले ? मगर इसका माहौल बनाने में टीटू जी का दांव रहा है टंच ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे वर्मा जी के भंडारे में मौजूद ? यहाँ पर गर्ग साहब के पार्टी के कार्यकताओं को लोकसभा का भ्रमण करने पर आ रहे थे तरह तरह के विचार ? कोई इसे ऐतिहासिक कार्य बता रहा था ? कोई कह रहा था, जिनका सांसद बनने का मामला भविष्य में मुश्किल है ? गर्ग साहब की मुहिम उनका सपना पूरा कर रही है यार ? फिर किसी ने बिग वर्मा जी से पूछा, क्या आप भी लेकर जाएँगे इस मुहिम में लोकसभा में अपना फेस ? ना में हिला दी उन्होंने अपनी गर्दन ? जीतकर रखेंगे लोकसभा में कदम, शायद दे रहे थे कुछ ऐसा ही संदेश ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ये कहते हुए आ गई उनके चेहरे पर स्माइल ? वो बोले ठीक समय आने दो ? तब मैं निकालूँगा सामने वाले की फाइल ? पूछने वाले ने पूछा आप किस फाइल और किस किरदार की कर रहे हो बात ? उन्होंने फिर भरी चेहरे पर मुस्कान ? कहा अभी रहने दो, क्यों लगाना चाह रहे हो हमसे भादो में आग ? अभी तो तैयारी शुरू हुई है ? अभी तो बहुत दूर है ख़्वाब ?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने की सभी से अभियान में जुड़ने की अपील

## कहा-सदस्यता अभियान से जुड़ें और 8800002024 पर करें मिस्ड कॉल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने 2 सितंबर से शुरू हुए भाजपा के सदस्यता अभियान को राष्ट्रव्यापी अभियान बताया है और उन्होंने सभी से इस अभियान में जुड़ने की अपील की है। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने कहा कि भाजपा अपने करोड़ों सदस्यों के साथ विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और पार्टी के लिए सदस्यता अभियान केवल एक जनसम्पर्क अभियान नहीं है। इस अभियान में अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ा गया है। ये सदस्यता अभियान है जिसके माध्यम से भाजपा विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक दल बन पाई है। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने सभी कार्यकर्ताओं से सभी देशवासियों से ये अपील की है कि वो सदस्यता अभियान से जुड़ें और सदस्य बनने के लिए 8800002024 पर मिस्डकॉल करें। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने कहा कि इसके बाद आपके मोबाइल पर एक संदेश आयेगा जिसमें एक लिंक होगा आपको उस लिंक पर क्लिक करके अपनी जानकारी देकर सदस्यता ग्रहण करनी है। उन्होंने आम जनता को जानकारी देते हुए बताया कि आप नमो ऐप एवं भाजपा की वेबसाइट की सहायता से भी सदस्यता ले सकते हैं।

पार्टी ने एक बारकोड भी जारी किया है जिसे देशवासी स्कैन करके जानकारी देकर सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। अगर किसी क्षेत्र में इंटरनेट की सुविधा या किसी देशवासी के पास स्मार्टफोन नहीं है तो पार्टी ने एक फार्म भी जारी किया है। आप उस फार्म में जानकारी भरकर किसी भी भाजपा कार्यालय या किसी कार्यकर्ता को दे सकते हैं। हिमांशु लव ने कहा कि वह सदस्यता अभियान की शुरुआत अपने कार्यालय से करेंगे और अधिक से अधिक लोगों को सदस्यता अभियान के जरिए भाजपा से जोड़ेंगे।

# राष्ट्र निर्माण की प्रतिज्ञा और सर्वव्यापी भाजपा हमारा मुख्य उद्देश्य : राजेश गुप्ता

## भाजपा की विचारधारा से जुड़ें और भाजपा के सदस्य बनें



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के नीति एवं शोध विभाग के राष्ट्रीय सह प्रभारी राजेश गुप्ता ने सभी वर्गों से भाजपा के सदस्यता अभियान से जुड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्र निर्माण की प्रतिज्ञा है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में ऐसा होगा जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भाजपा की सदस्यता दिलायेंगे। इसके साथ ही सदस्यता अभियान शुरू होगा। राजेश गुप्ता ने कहा कि 2019 के सदस्यता अभियान में 6 जुलाई से 20 अगस्त तक 22 करोड़ के लक्ष्य से अधिक प्रदर्शन तक सात करोड़ नए सदस्य बनाये गये। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनता का समर्थन और 10 करोड़ नए सदस्यों को जोड़ना है। सदस्यता अभियान का मुख्य उद्देश्य ही राष्ट्र निर्माण की प्रतिज्ञा और विकसित भारत 2047 पर काम करने के साथ-साथ सर्वव्यापी भाजपा और सर्वस्पर्शी भाजपा व सदस्य बनने के लिए जरूरी है कि 18 वर्ष या अधिक आयु का कोई भी भारतीय नागरिक जो भाजपा की विचारधारा, संकल्प, मूल दर्शन और निष्ठांए स्वीकारता हो। सदस्यता की प्रक्रिया दो चरणों में होगी। पहला चरण 02 से 25 सितम्बर 2024 तक चलेगा और दूसरा चरण 1 से 15 अक्टूबर 2024 तक होगा। राजेश गुप्ता ने सभी से अपील की है कि भाजपा के सदस्यता अभियान से जुड़ें और 8800002024 पर मिस्डकॉल दें।

# हिंदू आत्मरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हिंदू आत्मरक्षा जागरूकता रैली सोमवार को आयोजित की गई। मंच से सांसद अतुल गर्ग से निवेदन किया कि संसद भवन में यह आवाज उठाई जाए कि जिस प्रकार सोशल मीडिया पर बहुत सी ऐसी साइड हैं जहां लोगों ने अपना नाम बदलकर फर्जी आईडी बना रखी है और लोगों को गुमराह करने का कार्य किया जाता है। निवेदन है कि जिस प्रकार ट्विटर पर बिना आधार कार्ड के अकाउंट नहीं बनाया जा सकता, इसी प्रकार फेसबुक और इंस्टाग्राम पर भी आधार कार्ड अनिवार्य करना चाहिए, जिससे गलत नाम रखकर महिलाओं को गुमराह ना करा जाए। अगर कोई व्यक्ति अपना बिजनेस अकाउंट बनाता है तो उसमें जीएसटी नंबर और आधार कार्ड जरूर लगाए। समापन पर यह आवाज उठाई कि भाजपा सरकार हमारी है हम भी भाजपा के समर्थित एक कार्यकर्ता हैं लेकिन हिंदुओं की आवाज उठाने वाले पिंकी चौधरी को जेल में बंद कर दिया गया है। सुभाष बजरंगी, आयुष त्यागी, गौरव सिसोदिया एचआरडी के कई कार्यकर्ताओं को नजरबंद कर दिया गया है। हम सबको मिलकर इनके लिए लड़ाई लड़नी चाहिए।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Pankaj Sharma
6m ·

पता नहीं किस कर्म का फल मुझे मिला है,

ईश्वर के आशीर्वाद स्वरूप तुम जैसा बेटा मिला है

पुत्र अक्षांश को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं अम्बर भर आशीर्वाद ! ईश्वर कृपा बनाए रखें 🙏



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पंकज शर्मा ने अपने पुत्र अक्षांश के जन्मदिन पर अपने स्पेशल शब्दों में अपने दिल की भावनाओ को साझा किया। बेटे अक्षांश को उन्होंने ईश्वर के आशीर्वाद स्वरूप बताया। अंबर भर आशीर्वाद दिया और ईश्वर कृपा की कामना अपने पुत्र के लिए की। पिता पुत्र के स्नेहिल रिश्ते को सनातन संस्कृति और प्रेम की प्रकृति में समेटे यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## शोक सन्देश/आत्म शान्ति प्रार्थना सभा



अत्यन्त दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि

मेरे प्रिय पुत्र **श्री अर्पित मोहन**

का आकस्मिक निधन दिनांक 25 अगस्त 2024 को हो गया है।

दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु प्रार्थना सभा

दिनांक 04.09.2024 दिन बुधवार समय 2 बजे से 3 बजे तक

स्थान-तनुश्री फार्म हाऊस एन.एच.-24, गाजियाबाद

पर रखी गई है।

: शोकाकुल :

| | |
|---|---|
| विजय मोहन एडवोकेट | मानसी-राहुल |
| पूर्व अध्यक्ष-भाजपा महानगर गाजियाबाद | तृप्ति-राघव |
| व पूर्व पार्षद-नगर निगम (मो0-9873721895) | आस्था-वरुण |
| सुधीर मोहन (मो0-9818832329) | इतिका-मोहित |
| विवेक मोहन (आस्था कैटर्स, तनुश्री फार्म हाऊस) | आयूष मित्तल |
| मो0-9810042296 | |